दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 I अंक: 285 | जयपुर, सोमवार, 23 सितंबर, 2024 I आश्विन, कृष्ण पक्ष-षष्ठी, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**IND vs BAN चेन्नई टेस्ट:** 92 सालों के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा, अश्विन मैन ऑफ द मैच

## भारत ने बांग्लादेश को 280 रनों से हराया... किया ऐतिहासिक कारनामा





**बेधड़क** | चेन्नई

रविचंद्रन अश्विन की फिरकी के सामने बांग्लादेशी बल्लेबाज 'तू चल मैं आया' की तर्ज पर पवेलियन लौटे और बांग्लादेश को चेन्नई में हुए दो मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में 280 रनों से हराकर इतिहास रच दिया।

भारतीय टीम ने बांग्लादेश को इस मैच को जीतने के लिए 515 रनों का लक्ष्य दिया था, लेकिन अश्विन की स्पिन का बांग्लादेश के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था और मेहमान टीम दूसरी पारी में 234 रनों पर सिमट गई और 280 रनों के बड़े अंतर से मुकाबला हार गई। बता दें, अश्विन ने पहली पारी में शतक लगाकर भारत को मुश्किल परिस्थिति से बाहर निकाला था, उन्हें मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया। वहीं, इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जो इससे पहले कुछ ही टीम हासिल कर पाई हैं।

### हार से ज्यादा टेस्ट जीतने वाली टीमें

- ऑस्ट्रेलिया: जीत 414; हार 232
- इंग्लैंड: जीत 397; हार 325
- दक्षिण अफ्रीका: 179 जीत; हार 161
- भारत: जीत 179; हार 178
- पाकिस्तान: जीत 148; हार 144

### अनूठा रिकॉर्ड... 179 जीत-178 हार, यानी 1+

दरअसल, इस जीत के साथ ही भारतीय टीम का टेस्ट में जीत हार का अनुपात 1 से अधिक हो गया है। इसका मतलब है कि भारत ने टेस्ट में जीतने मुकाबले हारे हैं, उससे अधिक मैचों में उसे जीत मिली है। भारतीय टीम ने 92 सालों के अपने टेस्ट इतिहास में 580 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 179 में उसे जीत मिली है जबकि 178 मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा था. इस दौरान भारतीय टीम 222 मैच ड्रा करने में सफल रही, जबकि एक मैच टाई पर समाप्त हुआ। बता दें, भारत ने अपना पहला टेस्ट मैच 1932 में सी.के. नायडू की अगुवाई में लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। हालांकि नायडू की अगुवाई वाली टीम को 158 रन से हार का सामना करना पड़ा। भारत की पहली टेस्ट जीत 1952 में इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई के इसी स्थान पर आई थी। भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान ऐसी टीमें हैं, जिन्होंने हार से अधिक मैच जीते हैं।

### *किसको अनुपात 1 करने में लगे कितने टेस्ट*

हालांकि, भारत को पहली बार टेस्ट में जीत-हार का अनुपात 1 से अधिक करने के लिए 580 टेस्ट लगे हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया को सिर्फ एक टेस्ट लगा था, जबकि अफगानिस्तान को 3, पाकिस्तान को 16, इंग्लैंड को 23, वेस्टइंडीज को 99 और दक्षिण अफ्रीका को 340 टेस्ट लगे थे। न्यूजीलैंड, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश और आयरलैंड को अभी तक यह उपलब्धि हासिल नहीं कर पाए हैं।

---

**जरूरी खबर**

### शतरंज ओलंपियाड भारत ने गोल्ड जीत रचा इतिहास



**बुडापेस्ट।** भारत ने शतरंज ओलंपियाड 2024 में ओपन सेक्शन में गोल्ड जीतकर इतिहास रच दिया है। भारत ने ओलंपियाड में पहली बार गोल्ड हासिल किया है। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश छा गए। गुकेश के अलावा भारतीय पुरुष टीम में आर प्रज्ञानंद, अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा और श्रीनाथ नारायणन शामिल थे। गुकेश और अर्जुन ने 11वें दौर में स्लोवेनिया के खिलाफ अपने-अपने मुकाबले जीते।

### 22 आईएएस के तबादले, 8 को अतिरिक्त चार्ज

**जयपुर।** राज्य सरकार ने रविवार देर रात 22 आईएएस अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए और 8 को अतिरिक्त चार्ज दिया। इनमें हेमंत गेरा को ग्रामीण अकृषि क्षेत्र विकास अभिकरण अध्यक्ष (रूडा) का अतिरिक्त चार्ज, रवि जैन को राजस्थान पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष का अतिरिक्त चार्ज, प्रतिभा सिंह को संभागीय आयुक्त पाली का अतिरिक्त चार्ज, एच. गुईटे को निदेशक अल्पसंख्यक मामलात विभाग जयपुर का अतिरिक्त चार्ज, ओमप्रकाश कसेरा को प्रबंध निदेशक, राज. अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड जयपुर का चार्ज, निकया गोहाएन को एमडी राजसीको जयपुर का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है।

(पेज 2 भी देखें)

---

**'सामूहिक क्षमापन पर्व समारोह'** में शामिल हुए CM भजनलाल

## क्षमा मांगना मनुष्य का सबसे बड़ा मानवीय गुण है: शर्मा

- जैन धर्म में वैश्विक शांति-सद्भाव का संदेश
- जन कल्याणकारी कार्यों में जैन समाज अग्रणी



**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गलती होना स्वाभाविक है, लेकिन उस गलती को स्वीकार करते हुए क्षमा मांग लेना बहुत बड़ा मानवीय गुण है और सामने वाले को क्षमा करना उससे भी बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि क्षमा मांगने से कटुता और द्वेष-भाव समाप्त हो जाता है जिससे समाज में शांति एवं सद्भाव का मार्ग प्रशस्त होता है। शर्मा रविवार को जयपुर में महावीर पब्लिक स्कूल में राजस्थान जैन सभा द्वारा आयोजित 'सामूहिक क्षमापन पर्व समारोह' को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह दिन हमारे आत्मिक शुद्धिकरण का पर्व होने के साथ-साथ समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का स्मरण भी करवाता है। जैन धर्म में क्षमा याचना का बहुत महत्व है। क्षमा याचना से आत्म-शुद्धि होती है जिससे संबंधों में सुधार होता है और मानसिक शांति तथा आध्यात्मिक विकास होता है। मुख्यमंत्री शर्मा ने क्षमा को सबसे महत्वपूर्ण बताया और जाने-अनजाने में हुई गलतियों के लिए क्षमा मांगी। उन्होंने कहा कि जैन धर्म ने पूरे विश्व को शांति और सद्भाव का संदेश दिया है। क्षमा ही सबसे बड़ा आभूषण है। इस अवसर पर शर्मा ने सोलहकारण व्रत के 32 एवं 16 उपवास, दशलक्षण पर्व के 10 उपवास करने वाले त्यागीवृत्तियों का सम्मान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन समाज धार्मिक, सामाजिक और लोक कल्याण के कार्यों में विशेष पहचान रखता है।

शिक्षा-स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य तथा गरीब-जरूरतमंदों की सहायता में जैन समाज सदैव अग्रणी रहा है। जैन समाज के अनेक ट्रस्ट और संगठन प्रदेश के विभिन्न अंचलों में अस्पताल, स्कूल और धर्मशालाओं का संचालन कर हर वर्ग के कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाज की मांग पर जैन छात्रावास के लिए जमीन आवंटन करने का सकारात्मक आश्वासन भी दिया। साथ ही, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निवास पर संतों-मुनियों का सदैव स्वागत है।

### दशलक्षण पर्व शांति की नींव

शर्मा ने कहा कि जैन धर्म का दशलक्षण पर्व मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। यह पर्व न केवल आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग दिखाता है, बल्कि सामाजिक सामंजस्य और शांति की भी नींव रखता है। उन्होंने कहा कि इन गुणों का अनुकरण कर हम न केवल अपने जीवन को शुद्ध कर सकते हैं, बल्कि समाज को भी सुखी और समृद्ध बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि जैन धर्म की सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अस्तेय की शिक्षाएं आज के युग में भी प्रासंगिक हैं। अहिंसा का सिद्धांत शारीरिक, मानसिक और वाचिक हिंसा से दूर रहने की प्रेरणा देता है।

### ऋषि-मुनि समाज के पथ-प्रदर्शक

मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों और ऋषि-मुनियों ने देश की गौरवशाली संस्कृति एवं परम्पराओं को संरक्षित रखने का महती कार्य किया है। मुनियों ने समाज को रास्ता दिखाया और देश की प्रगति में उनका योगदान अप्रतिम है। श्री शर्मा ने कहा कि जैन समाज के मुनि देश भर में भ्रमण कर समाज को आध्यामिक रूप से मजबूत कर रहे है।

### हमारे मुख्यमंत्री हैं सेवाभावी

मुनि शशांक सागर, पावन सागर एवं समत्व सागर महाराज ने अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री शर्मा के व्यक्तित्व को रेखांकित करते हुए उनकी सादगी-सहृदयता की सराहना की। साथ ही, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सेवाभावी हैं, ये नाम और काम दोंनो से झलकता है।

### ये रहे मौजूद


इस अवसर पर मुनि सुभद्र सागर, अर्चित सागर, शील सागर एवं संदेश सागर भी उपस्थित रहे। समारोह में जयपुर सांसद मंजू शर्मा, मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ, जयपुर ग्रेटर नगर निगम उप महापौर पुनीत कर्णावट, राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष चंद जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हुए।

---

**न्यूयॉर्क में मोदी ने किया प्रवासी भारतीयों को संबोधित...**

## 'AI का मतलब है अमेरिकन-इंडियन', 'नमस्ते' लोकल से ग्लोबल हो गया: पीएम मोदी





**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

पीएम मोदी ने कहा कि नमस्ते लोकल से ग्लोबल हो गया है। यह सब उनकी वजह से हुआ है, जो दिल में भारत को लेकर दुनिया में बसे हुए हैं। पीएम मोदी ने रविवार को न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड स्थित नासाउ कोलिजीयम में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा, 'हम एक ऐसे देश से ताल्लुक रखते हैं, जहां दर्जनों भाषाएं और संवाद हैं। दुनिया के सभी धर्म और मजहब हैं और फिर भी हम एकजुट होकर आगे बढ़ रहे हैं।' पीएम मोदी ने कहा कि हमारे यहां कहा जाता है कि जो त्याग करते हैं वे ही भोग पाते हैं। हम दूसरों का भला करके त्याग करके सुख पाते हैं, हम किसी भी देश में रहें। ये भावना नहीं बदलती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम जिस सोसाइटी में रहते हैं वहां अधिक योगदान करते हैं। यहां आपने डॉक्टर्स, रिसर्चर, टेक औ साइंटिस्ट के रूप में जो परचम लहराया है वो इसी का प्रतीक है, अभी कुछ समय पहले ही तो यहां टी-20 क्रिकेट वर्ल्डकप हुआ था।

### मां भारती ने जो सिखाया हम भूल नहीं पाते

प्रधानमंत्री ने कहा कि मां भारती ने हमें जो सिखाया है, वो हम कभी भी भूल नहीं सकते, हम जहां भी जाते हैं, सबको परिवार मानकर उनसे घुल मिल जाते हैं। डायवर्सिटी को समझना, इसे जीना उसे अपने जीवन में उतारना ये हमारे संस्कारों में हैं, हमारी रगों में हैं। हम उस देश के वासी हैं जहां सैकड़ों भाषाए हैं, सैकड़ों बोलियां हैं, दुनिया के सारे मत और पंथ हैं फिर भी हम एक और नेक बनकर आगे बढ़ रहे हैं। इस हॉल में कोई तमिल बोलता है कोई तेलुगु कोई मलयालम कोई कन्नड, कोई पंजाबी, कोई मराठी तो कोई गुजराती बोलता है। भाषा अनेक हैं, लेकिन भाव एक है। वो भाव है भारत माता की जय। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपना संबोधन भारत माता की जय के साथ किया और कहा कि अपना नमस्ते अब ग्लोबल हो चुका है।

---

**स्वास्थ्य कार्यकर्ता नियमित भर्ती-2023 का मामला...**

## राजस्थान में विवाहित अन्य राज्य की महिला भी EWS आरक्षण की हकदार

**बेधड़क** | जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस विनीत कुमार माथुर की एकलपीठ ने दूसरे राज्य से राजस्थान में विवाहित महिला को भी ईडब्ल्यूएस आरक्षण का हकदार माना है। हाई कोर्ट ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। कोर्ट ने महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता नियमित भर्ती-2023 के मामले में सुनवाई करते हुए याची पुनीत रानी के संबंध में यह आदेश दिया। दरअसल,याची पुनीत रानी ने EWS वर्ग में अपना आवेदन किया था। चयन प्रकिया पूरी करने के बाद उसे इसलिए हटा दिया कि वह हरियाणा की मूल निवासी होने की वजह से राजस्थान में EWS वर्ग आरक्षण की हकदार नहीं है। इसे लेकर कोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में बताया कि 2014 में उसकी शादी हुई, तब से राजस्थान में ही रहती है। उसके पास मूल निवास प्रमाण पत्र और EWS प्रमाण पत्र है।

---

**एक और बाघ काल कवलित**

## रणथंभौर नेशनल पार्क में T 2312 की मौत, गोघाटी में मिला बाघ का शव

- रणथंभौर में जनवरी 2023 से सितंबर 2024 तक करीब 13 टाइगर व शावकों की हो चुकी है मौत
- अधिकारियों ने कहा- टेरिटोरियल फाइट में घायल होने से गई जान
- शुरुआती जांच में मृत बाघ के शरीर पर कई घाव के निशान मिले

**बेधड़क** | जयपुर

देश का एक और बाघ काल कवलित हो गया। सवाई माधोपुर स्थित रणथंभौर नेशनल पार्क में बाघ टी 2312 की मौत की खबर से हड़कंप मच गया। बाघ का शव खंडार रेंज के नाका फरिया के पास गोघाटी में मिला। जब वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बाघ के शव को कब्जे में ले लिया। साथ ही, शुरुआती जांच में मृत बाघ के शरीर पर कई जगह घाव के निशान मिले हैं। रणथंभौर टाइगर रिजर्व के उप वन संरक्षक रामानंद भाकर ने बताया, 'रविवार सुबह वन विभाग की टीम नाका के पास गांव घाटी में गश्त कर रहे थे, तब उन्हें गश्त के दौरान बाघ का शव मिला।

वन कर्मियों ने इस शव की पहचान बाघ T-2312 के रूप में की।' फिर, अधिकारियों ने जांच की और शव को राजबाग नाका लाया गया। यहां पशु चिकित्सकों की टीम मृत बाघ का पोस्टमार्टम करेगी, जिसके बाद उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।



### टेरिटोरियल फाइट में घायल हुआ था

जांच के बाद वन अधिकारियों ने बताया कि बाघ टी 2312 दूसरे बाघ के साथ टेरिटोरियल फाइट में घायल हुआ था। जिस इलाके में टी 2312 का शव मिला है, वह वही इलाका है जहां बाघ टी 96 और टी 137 विचरण करते हैं। फिलहाल बाघ की मौत की वजह जांच का विषय है। इसलिए उसके शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा, जिसके बाद जंगल के बाहर राजबाग में बाघ के शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### टेरिटोरियल फाइट किसे कहते है

बाघों के बीच होने वाली क्षेत्रीय लड़ाइयों को टेरिटोरियल फाइट कहा जाता है। यह आम बात है और कभी-कभी इसके घातक परिणाम भी हो सकते हैं। शायद इसी क्षेत्रीय लड़ाई के कारण टी 2312 की दूसरे बाघों से लड़ाई हुई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई।

### अब तक इतने बाघों की मौत

रणथंभौर नेशनल पार्क में जनवरी 2023 से सितंबर 2024 तक करीब 13 टाइगर और शावकों की मौत हो चुकी है। इसमें 10 जनवरी 2023 को टाइगर टी-57, 31 जनवरी 2023 को टी-114 व 9 फरवरी को टी-19, 10 मई 2023 को टी-104, सितंबर 2023 को टी-79 व उसके दो शावक, 11 दिसंबर 2023 को टी-69 का शावक, 3 फरवरी 2024 को टी-99 का शावक, 4 फरवरी 2024 को टी-60 व उसका शावक, 7 जुलाई 2024 को टी-58 शामिल है। 22 सितंबर 2024 को टी-2312 की मौत हो गई।

## जरूरी खबर

### विधानसभा अध्यक्ष देवनानी आज से दिल्ली दौरे पर



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी दसवें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत सम्मेलन में भाग लेने के लिए 23 सितंबर को सुबह वायुयान से दिल्ली जाएंगे। देश के विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं के अध्यक्षों और सचिवों का दो दिवसीय सम्मेलन 23 व 24 सितंबर को दिल्ली में होगा। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी इस सम्मेलन में सतत एवं समावेशी विकास में विधायिका की भूमिका विषय पर विचार व्यक्त करेंगे। राजस्थान विधानसभा से राष्ट्र मंडल संसदीय संघ के इस सम्मेलन में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, सचिव एवं विधायक संदीप शर्मा और विधानसभा के विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा भाग लेंगे।

### नव स्थापित सैनिक स्कूल का उद्घाटन समारोह आज

**जयपुर।** सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन शिक्षा समिति एवं ट्रस्ट के अंतर्गत नव स्थापित सैनिक स्कूल का उद्घाटन समारोह सोमवार को होगा। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ सैनिक कल्याण मंत्री के रूप में नव स्थापित सैनिक स्कूल का उद्घाटन करेंगे। समारोह के दौरान भारतीय सेना की उपलब्धियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सेना के सशक्तिकरण की दिशा में उठाए जा रहे कदमों पर भी चर्चा की जाएगी। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

### जुबेर खान के परिजनों को मंत्री ने बंधाया ढाढ़स



**जयपुर।** गृह, गोपालन, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य विभाग राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने रविवार को रामगढ विधायक दिवंगत जुबेर खान के अलवर जिला स्थित उनके निवास पर जाकर उनके पुत्र आदिल खान व आर्यन खान सहित शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देकर उनका ढाढ़स बंधाया। उल्लेखनीय है कि रामगढ़ विधायक जुबेर खान का लंबी बीमारी के बाद 14 सितंबर को देहांत हो गया था। इस दौरान राजेंद्र कसाना सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं परिजन मौजूद रहें।

## अल्बर्ट हॉल में डिप्टी सीएम दिया कुमारी की मौजूदगी में हुआ एमओयू

# जयपुर में होगा बॉलीवुड का सबसे बड़ा IIFA अवॉर्ड शो

बेधड़क | जयपुर

राजधानी जयपुर में मार्च 2025 में सिनेमा का सबसे बड़ा अवॉर्ड शो इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (IIFA) का आयोजन होगा। रविवार को जयपुर में आईफा-2025 सेलिब्रेशन के लिए एग्रीमेंट साइनिंग सेरेमनी आयोजित की गई।

अल्बर्ट हॉल में डिप्टी सीएम दिया कुमारी की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। पर्यटन विभाग की तरफ से आयुक्त वीपी सिंह और आईफा की तरफ से वाइस प्रेसिडेंट आईफा सुरेश अय्यर ने हस्ताक्षर किए। मार्च 2025 में हिंदी सिनेमा का




सबसे बड़ा अवॉर्ड शो इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी यानी आईफा का आयोजन होगा। जयपुर में 7 से 9 मार्च, 2025 तक फिल्मी सितारों का मेला लगेगा। इसमें फिल्म स्टार शाहरुख खान, करण जौहर, अक्षय कुमार, रितिक रोशन, सलमान खान समेत तमाम फिल्मी सितारे कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसको लेकर जयपुर के अल्बर्ट हॉल में डिप्टी सीएम दिया कुमारी की मौजूदगी में पर्यटन विभाग के साथ आईफा अवॉर्ड समारोह को लेकर एमओयू साइन किया गया।



### पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा: दिया कुमारी

इस मौके पर डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने कहा कि आईफा अवॉर्ड्स् से निश्चित ही राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। आयोजन के दौरान बॉलीवुड के जाने-माने सितारे और फिल्मी जगत की हस्तियां जयपुर में हमारे मेहमान होंगे। हम सिनेमा जगत से जुड़े हुए इन सेलिब्रिटीज का राजस्थान और जयपुर में स्वागत करेंगे। इस आयोजन के माध्यम से राजस्थान की इस अनूठी संस्कृति और पर्यटन को वैश्विक मंच पर और अधिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि आईफा अवॉर्ड की सिल्वर जुबली के अवसर पर ऐतिहासिक रूप से जयपुर में भारतीय सिनेमा के 25 शानदार वर्षों का जश्न मनाने का समारोह आयोजित किया जाएगा। तीन दिन तक विभिन्न सेगमेंटस में आईफा अवॉर्ड्स और गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस आयोजन से राजस्थान के पर्यटन को शानदार बढ़ावा मिलेगा। यहां पर्यटन के क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा। रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि इससे पर्यटन से जुड़े सभी क्षेत्रों को फायदा होगा। इस अवसर पर पर्यटन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने बताया कि 7 से 9 मार्च 2025 में जयपुर में आईफा अवॉर्ड में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें प्रमुख हस्तियों द्वारा प्रदर्शन और इस सहस्राब्दी में भारतीय सिनेमा में मेगा अचीवर्स और सबसे सफल लोगों को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार राज्य के लिए वैश्विक ब्रांडिंग और गंतव्य विपणन अवसर भी प्रदान करेंगे।

## केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कौशल विकास रथ को दिखाई हरी झंडी

# ‘अपने कौशल को निखार कर युवाओं को आना होगा आगे’

बेधड़क | जयपुर

केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने रविवार को भरतपुर के नगर विकास न्यास ऑडिटोरियम में जन कौशल संवाद कर युवाओं, किसानों को संबोधित किया। उन्होंने समारोह में कौशल एवं उद्यमिता विकास मंत्रालय द्वारा जिले में संचालित किए जाने वाले कौशल रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकी की जानकारी से युवा एवं किसान अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अपने कौशल को निखार कर युवाओं को हर क्षेत्र में आगे आना होगा। प्रदेश में 65 लाख किसानों को पीएम सम्मान निधि योजना के माध्यम से सीधा लाभान्वित किया जा रहा है। इससे 8 हजार रुपए सीधा किसानों के खातों में जा रहा है। उन्होंने कहा कि देशभर में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, आईटीआई से युवाओं को लाभान्वित किया जा रहा है।

बुनियादी तौर पर युवाओं को स्वावलंबी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र की शिक्षण संस्थाएं भी युवाओं के कौशल विकास का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बजट की कमी आने नहीं दी जाएगी। उद्यमियों को जिस विद्या के लिए श्रमिकों की आवश्यकता है, उसी विद्या के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षण देकर कौशल विकास किया जाएगा।

केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री ने कहा कि देश में केंद्र सरकार द्वारा हर क्षेत्र में कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। पहली बार पीएम विश्वकर्मा योजना से पुस्तैनी रूप से अपने हुनर का काम करने वाले नागरिकों के कौशल विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 13 हजार करोड़ की लागत से 3 वर्ष में 30 लाख लोगों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। एक साल में 9 लाख लोगों को प्रशिक्षण देकर कौशल उन्नयन का




### गांव-गांव जाएगा कौशल विकास रथ

भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने बताया कि यह रथ 23 से 30 सितंबर तक मास्टर आदित्येंद्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में, 1 से 7 अक्टूबर तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिलौठी में, 8 से 16 अक्टूबर तक राजकीय उच्च माध्यमिक पीपला सेवर में, 17 से 24 अक्टूबर तक सेठ दाऊदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चिकसाना में तथा 25 अक्टूबर से 1 नवंबर तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बहनेरा में रहेगा। उन्होंने बताया कि कौशल रथ में 15 कम्प्यूटर होंगे। इनके माध्यम से प्रशिक्षक युवाओं को कौशल उन्नयन, नए कौशल, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार परक जानकारी दी जाएगी। उन्होंने किसानों एवं युवाओं के लिए संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आने का आह्वान किया।



कार्य किया जा चुका है। इसमें 3 मंत्रालय आपस में समन्वय से इस कार्य को पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि गांवों की समस्याओं को दूर कराने में आगे आए तो तेजी से विकास होगा। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना में भरतपुर में 5500 लोग पंजीकृत है। इसके लिए 11 संस्थाएं चिह्नित की गई है, जिनमें से 7 संस्थाओं द्वारा युवाओं के लिए प्रशिक्षण कार्य किए जा रहे हैं। इनके माध्यम से 2000 लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया।

उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र, आईटीआई 18 ट्रेडों में युवाओं को चिह्नित कर उनको प्रशिक्षण दे, जिससे ग्रामीण युवा स्वावलंबी बन सके। उन्होंने कहा कि खेती में भी नई तकनीक अपनाएं।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि हम सब मिलकर ब्रजक्षेत्र को कौशल विकास, शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाएंगे। भरतपुर को स्किल्ड सिटी के रूप में विकसित करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि भरतपुर में सार्थक प्रयासों से दीपावली के बाद कौशल मेला आयोजित करेंगे। उन्होंने घोषणा कि 15 लाख इकरन एवं 10 लाख मुरवारा गांव में राज्यसभा सांसद निधि से विकास कार्यों से व्यय किए जाएंगे।

### वन नेशन-वन इलेक्शन में कई तकनीकी पहलू

**जयपुर।** वन नेशन वन इलेक्शन पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है, लेकिन इसमें अभी कई तकनीकी पहलू हैं। इसमें संविधान संशोधन की आवश्यकता भी होगी, इसलिए अभी देश के सामने इसकी चर्चा छेड़ना जल्दबाजी है। कौशल व उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी ने रविवार को भरतपुर में कहा कि पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में समिति ने अध्ययन किया है। लॉ कमीशन की भी एक रिपोर्ट आई है। इसमें कई तकनीकी पहलू हैं। इसमें संविधान संशोधन की भी आवश्यकता होगी। जब सदन में मसौदा तैयार होकर आएगा, तब देश के सामने चर्चा छेड़ी जानी चाहिए। अभी इस पर चर्चा बहुत जल्दी है। देश की जनता ये विश्वास करे कि भारत सरकार लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए ही कोई निर्णय लेगी, जो देश की जनता और लोकतंत्र के हित में होगा कैबिनेट वही फैसला ले सकता है। मंत्री चौधरी ने कहा कि कैंसर की बढ़ती बीमारी को लेकर अमरीका और भारत ने एक करार किया है। इसका स्वागत करता हूं।

अभी तक देश के कई राज्यों ने कैंसर को बीमारी के रूप में नोटिफाई नहीं किया। इसकी वजह से किस क्षेत्र में कैंसर के कितने मरीज हैं यह स्पष्ट नहीं हो पाता, इसलिए राज्य सरकारों से मांग करता हूं कि कैंसर को बीमारी के रूप में नोटिफाई करें, जिससे इसका डाटा तैयार हो सके।



## पूर्व विधायक पर एक और केस

# अवाना ने नौकरी के नाम पर हड़पे 22 लाख

बेधड़क | जयपुर



भरतपुर जिले की नदबई विधानसभा सीट से विधायक रहे जोगिंदर सिंह अवाना पर ठगी और धोखाधड़ी का आरोप लगा है। इस मामले में पीड़ित की ओर से लखनपुर पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया गया है। पीड़ित का आरोप है कि पूर्व विधायक जोगिंदर अवाना ने जयपुर सचिवालय में नौकरी लगवाने के नाम पर उससे 22 लाख रुपए ऐंठ लिए। पीड़ित युवक की नौकरी नहीं लगी तो पैसे लौटाने को कहा। इस पर पूर्व विधायक ने उसे जान मारने की धमकी दी। पीड़ित युवक ने पूर्व विधायक के खिलाफ लखनपुर थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। मामले की जांच लखनपुर थानाधिकारी जितेंद्र सिंह कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि लखनपुर थाना इलाके के डेहरा गांव निवासी महेश गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। महेश गुर्जर ने शिकायत में बताया कि कुछ समय पहले तक उसके जोगिंदर सिंह अवाना से अच्छे संबंध थे। वह कही और छोटा-मोटा काम करता था। तब तत्कालीन विधायक अवाना ने कहा कि तू मेरी बंशी पहाड़पुर वाली खान पर काम कर ले, वैसे भी बेरोजगार है।

# 22 IAS के तबादले

**जयपुर।** भजनलाल सरकार ने रविवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। प्रदेशभर में कुल 22 आईएएस अधिकारियों के ट्रांसफर किए गए, तो वहीं 8 आईएएस अफसरों को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई। आदेश के अनुसार

भवानी सिंह देथा को प्रमुख शासन सचिव, आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा पद्धति विभाग जयपुर, अमबरीश कुमार को शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उर्मिला राजोरिया को शासन सचिव, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय, जन अभाव अभियोग निवारण, मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग, डॉ. प्रतिभा सिंह को संभागीय आयुक्त, जोधपुर, राजेंद्र विजय को संभागीय आयुक्त, कोटा बनाया गया है। इसी तरह हरि मोहन मीणा को प्रबंध निदेशक, राजस्थान वित्त निगम, जयपुर, ओम प्रकाश कसेरा को प्रबंध निदेशक, राजस्थान ऊर्जा विकास एवं आईटी सेवाएं लिमिटेड, जयपुर, पुखराज सेन को जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, डीडवाना-कुचामन, शुभम चौधरी को जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, सवाई माधोपुर नियुक्त किया गया है। डॉ. भंवर लाल को प्रबंध निदेशक, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर, पीयूष समारिया को कार्यकारी निदेशक, राजस्थान शहरी पेयजल सीवरेज और इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (रूडसीको), राजेंद्र कुमार सुमन को प्रबंध निदेशक, राजस्थान राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम, जयपुर के पद पर नियुक्त किया गया है।

बाल मुकुंद असावा को जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, राजसमंद लगाया गया है। डॉ. खुशाल यादव को संयुक्त शासन सचिव, वित्त (कर) विभाग,अरुण कुमार हसीजा को आयुक्त, नगर निगम, जयपुर हेरिटेज, उत्सव कौशल को जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, डीग के पद पर नियुक्त किया गया है। डॉ. महेंद्र खड़गावत को जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, ब्यावर, अभिषेक सुराणा को जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, चूरू लगाया गया है। अतुल प्रकाश को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भिवाड़ी इंटीग्रेटेड विकास प्राधिकरण (बीडा), सलोनी खेमका को निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन, जयपुर नियुक्त किया गया है। मृदुल सिंह को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, भरतपुर और आव्हाड नितृत्ती सोमनाथ को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, धौलपुर के पद पर नियुक्त किया गया है।

## भाजपा पदाधिकारियों से की मुलाकात

# BJP कार्यकर्ता आधारित पार्टी, यहां कार्यकर्ता ही सर्वोपरिः मदन राठौड़

बेधड़क | जयपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने रविवार को भाजपा कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए भाजपा पदाधिकारियों से लेकर कार्यकर्ताओं तक मुलाकात की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ ने कार्यालय में आने वाले सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी भावनाओं का सम्मान करने के साथ पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि का संदेश दिया। राठौड़ ने जहां एक ओर भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर जिलों में किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की, वहीं दूसरी ओर विधानसभा उप चुनावों को लेकर आगामी रणनीति तय की।

प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जहां कार्यकर्ता को सर्वोपरि मानकर कार्य किया जाता है। ऐसे में भाजपा कार्यालय में आने वाले सभी कार्यकर्ताओं से मिलकर उनके सुख-दुख साझा किए। उन्होंने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जहां सदस्यता अभियान शून्य से शुरू किया जाता है और कार्यकर्ताओं की बदौलत विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



द्वारा पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद देशभर में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। आमजन बढ़-चढ़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। ऐसे में हम सभी को इस अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी है।

## वंदे भारत ट्रेन से भीलवाड़ा पहुंचे पंजाब के राज्यपाल

# जैसा खाओगे अन्न, वैसा होएगा मन: कटारिया

**जयपुर।** पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया रविवार को उदयपुर से वंदे भारत ट्रेन से अल्प समय के लिए भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा कस्बे पहुंचे, जहां जैन समाज से जुड़े सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने पंजाब के राज्यपाल का स्वागत किया. जिले के गुलाबपुरा पहुंचने पर राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान भीलवाड़ा जिला कलेक्टर नमित मेहता, जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत, क्षेत्रीय विधायक जब्बर सिंह सांखला सहित जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी व जैन समाज के सामाजिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इन जैन सिद्धांतों को लोग आज समझते नहीं हैं। यह सिद्धांत इतने साइंटिफिक हैं कि ये व्यक्ति के मन, बुद्धि और कर्म से अच्छा बनाता है।

हमारे यहां कहा जाता है कि जैसा खाओगे अन्न, वैसा होएगा मन। साथ ही जैन समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप अपने शादी-विवाह व अन्य कार्यक्रम फाइव स्टार में न करके सादगी पूर्ण करें। इन पैसों का समाज के उत्थान के लिए शिक्षा और अन्य कार्य में लगाएं।

## जरूरी खबर

### बीसीआई के जयपुर में पहले चैप्टर की शुरुआत



**जयपुर।** बिजनेस सर्कल इंडिया (बीसीआई) ने जयपुर में अपने नए चैप्टर की सफलतापूर्वक शुरुआत की। इस महत्वपूर्ण मौके पर 20 प्रमुख व्यापारी और प्रोफेशनल शामिल हुए। उन्होंने व्यापारिक सहयोग, नए कोलाब्रेशन और विकास के अवसरों पर मंथन किया। बीसीआई के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि बीसीआई के जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष के रूप में हिम्मत सिंह नाथावत (सीईओ, जस्ट हेल्थ एंड वैलनेस) को नियुक्त किया गया है। हिम्मत सिंह नाथावत ने कहा कि,बीसीआई सिर्फ एक मंच नहीं, बल्कि व्यापारियों का एक ऐसा समुदाय है, जो मिलकर एक-दूसरे के व्यवसायों को आगे बढ़ाने में सहयोग करेगा। मुख्य अतिथि (वित्त निदेशक, नारायणा अस्पताल) बलविंदर सिंह वालिया उपस्थित रहे।

### जगतपुरा शूटिंग रेंज में निशानेबाजी प्रतियोगिता आज से

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे की मेजबानी में जगतपुरा शूटिंग रेंज में 23 से 27 सितंबर तक 57वीं रेलवे निशानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को रेल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह करेंगे। इस प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भाग लेंगे। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि रेलवे स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड की ओर से उत्तर पश्चिम रेलवे खेलकूद संघ की इस प्रतियोगिता में पेरिस ओलंपिक 2024 में ब्रॉन्ज मेडल विजेता स्वप्निल कुसले और चौथी पोजिशन प्राप्त करने वाले अर्जुन बबूता के अतिरिक्त एशियाड, कॉमनवेल्थ गेम्स स्तर के खिलाड़ियों सहित लगभग 120 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**सद्गुरु डॉ. ऋतेश्वर महाराज ने** सनातन विश्वविद्यालय के निर्माण पर दिया जोर

# आध्यात्मिक गुरुओं का राजनीति से जुड़ाव बेहद जरूरी

## बंगाली बाबा के आश्रम में प्रवचन

बेधड़क | जयपुर

आंनदम धाम ट्रस्ट के पीठाधीश्वर सद्गुरु डॉ. ऋतेश्वर महाराज ने भारतीय संस्कृति, धर्म और शिक्षा को पुनः जीवंत करने के लिए विशेष रूप से सनातन विश्वविद्यालय और गुरुकुलम निर्माण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह संस्थान हमारी सनातन परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए आवश्यक हैं। वे बंगाली बाबा के आश्रम में आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज ने कहा कि आज के समय में संतों और आध्यात्मिक गुरुओं का राजनीति से जुड़ाव बेहद आवश्यक है। उन्होंने इस तथ्य को रेखांकित किया कि जब तक संत और ऋषि, समाज और राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका नहीं निभाएंगे, तब तक समाज में नैतिकता और सच्चाई की स्थापना कठिन होगी। सद्गुरु जी ने यह भी कहा कि धर्म और राजनीति का गहरा संबंध है, और संतों को समाज कल्याण के लिए राजनीति में योगदान देना चाहिए ताकि देश की नीति प्रजा के लिए लाभकारी हो सके।



### 16 संस्कारों की दी जाएगी शिक्षा

सनातन विश्वविद्यालय के निर्माण पर बोलते हुए सद्गुरु ने कहा कि यह संस्थान केवल शिक्षा का केंद्र नहीं होगा, बल्कि यह बच्चों को हमारे धर्म और संस्कृति की गहराइयों से अवगत कराएगा। यहां पर बच्चों को 16 संस्कारों की शिक्षा दी जाएगी, जिससे वे न केवल एक अच्छे नागरिक बनेंगे, बल्कि अपनी संस्कृति की रक्षा करने में भी सक्षम होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि गुरुकुलम प्रणाली को पुनः स्थापित करना बेहद जरूरी है, ताकि बच्चे अपने बचपन से ही भारतीय संस्कृति और धर्म का अध्ययन कर सकें और पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव से मुक्त हो सकें। सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज ने सभी से आह्वान किया कि वे इस महान कार्य में सहयोग करें।

### संस्कृति की रक्षा के लिए एकजुट होने की अपील

सनातन धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए एकजुट हों। उन्होंने यह भी कहा कि यह परियोजना केवल एक शैक्षिक संस्था की स्थापना नहीं है, बल्कि यह भारतीय सनातन संस्कृति के पुनरुत्थान का एक प्रयास है। कार्यक्रम के अंत में, उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से संस्थापक सदस्य बनने की अपील की ताकि सनातन बोर्ड की स्थापना हो सके और अगले 10 वर्षों में भारत में सनातन शिक्षा को मुख्यधारा में लाया जा सके। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तगण, स्थानीय नागरिक और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**जेडीसी ने ली बैठक,** फाइलों को बेवजह घुमाने पर जताई नाराजगी

# 5 आवासीय स्कीम लॉन्च करेगा जेडीए, लैंड बैंक की मांगी सूचना

बेधड़क | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त आनंदी ने जेडीए कर्मचारियों की लाल फीता शाही को लेकर नाराजगी जाहिर की। वहीं, अधिकारियों को सरकारी जमीन से कब्जा हटाकर उन्हें नीलाम करने के आदेश दिए। जेडीसी आनंदी रविवार को जयपुर विकास प्राधिकरण के आला अधिकारियों की अहम बैठक ले रही थीं। मंथन सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जेडीए को 50% से अधिक राजस्व नीलामी के माध्यम से हासिल हो रहा है। ऐसे में जोन कार्यालयों से नीलामी के प्रस्ताव मांगे गए हैं।

जेडीसी ने जोन - 9, 10 और 11, रिंग रोड परियोजना में भूखण्डों का चिह्नीकरण कर उनकी नीलामी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जोन-10 में गोविंदपुरा योजना, जोन-11 स्थित वेयर हाउस योजना, जोन- 12 स्थित जयरामपुरा में ईको-फ्रेंडली फार्म हाउस स्कीम (292 भूखण्ड) स्कीम, नाहरी का बास, जोन-14 स्थित कैलाशपुरा में खोखावास में नई स्कीम लांच करने के निर्देश दिए।




### कोर्ट संबंधित मामलों की मजबूत पैरवी करें

बैठक में जेडीसी ने कोर्ट से संबंधित मामलों की मजबूत पैरवी के साथ जल्द से जल्द निस्तारण करने के भी आदेश दिए। उन्होंने कहा कि कोर्ट से संबंधित मामलों की प्रॉपर मॉनिटरिंग कर पेंडेंसी खत्म होनी चाहिए। जोन अधिकारी और कर्मचारी संबंधित वकील को पर्याप्त जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि उन्हें कोर्ट में जेडीए का पक्ष रखने में किस तरह की समस्या न हो।

### लंबित प्रकरणों का निस्तारण करें

जेडीसी ने कहा- कर्मचारियों द्वारा फाइलों को बेवजह घुमाया जाता है। इससे आम जनता को काफी परेशानी होती है। कर्मचारियों की यह कार्य प्रणाली पूरी तरह गलत है। भविष्य में ऐसा नहीं होना चाहिए। बैठक में जेडीसी ने आयोजना शाखा के अधिकारियों को बीपीसी एलपी-बीपी से संबंधित समस्त लंबित प्रकरणों का निस्तारण अगली बैठक से पहले करने के आदेश दिए। जेडीसी ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट - 2024 से संबंधित कार्यों को निर्धारित वक्त पर पूरा करने के आदेश दिए। उन्होंने सभी जोन उपायुक्तों को अपने-अपने जोन में लैण्ड बैंक की सूचना 30 सितंबर तक भिजवाने के निर्देश दिए।

### फैंसिंग करवाकर पेड़ लगवाने के निर्देश

बैठक में जेडीसी ने संबंधित समस्त अधिकारियों को अपने जोन में लंबित कार्यों को 10 अक्टूबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं जेडीसी ने रोपाडा फार्म हाउस योजना के लगभग 15 भूखण्ड से अतिक्रमण हटवाने, जोन-10 में अवैध खनन को रोकने, 50 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाकर नीलामी में रखने, झोटवाड़ा आरओबी की सर्विस रोड में आ रहे अतिक्रमणों को हटवाकर सड़क बनाने के साथ ही द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटवाने के बाद फैंसिंग करवाकर पेड़ लगवाने के निर्देश दिए।

### विद्युतीकरण कार्य करवाने को कहा

बैठक में बताया गया कि एमआई रोड की मिसिंग रेलिंग और कर्व स्टोन की मरम्मत करवाने, अपेक्स सर्किल से जेएलएन मार्ग पर मीडियन में पेड लगवाने, दिल्ली रोड से ट्रांसपोर्ट नगर तक रोड पेच वर्क और साफ-सफाई करवाने के साथ ही जेडीए क्षेत्र में लाईट्निंग, फुटपाथ - मीडियन मरम्तीकरण, सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई करवाकर पेड़ लगवाने के बाद विद्युतीकरण कार्य करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही महल रोड से टोंक रोड के मध्य अवैध पार्किंग हटवाने, कंस्ट्रक्शन मलबे को हटवाने, अवैध थड़ियों को हटवाने और अजमेर रोड पर करीब 40 किमी में कर्व स्टोन, रेलिंग, मीडियन, फुटपाथ बनाने के साथ सौंदर्यीकरण करवाने के आदेश दिए।

**दो इनामी बदमाश गिरफ्तार**

# डमी कैंडिडेट बैठाकर करवाते थे परीक्षाओं में पास

बेधड़क | जयपुर

एसओजी ने ऐसे दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है जो डमी कैंडिडेट बैठाकर एसआई, पटवारी और एलडीसी भर्ती परीक्षा पास करवाते थे। दोनों पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया- पटवारी परीक्षा के संबंध में दर्ज एक केस में महेश कुमार मीणा पुत्र टीकाराम मीणा और दीपक कुमार मीणा पुत्र हेमराज मीणा को गिरफ्तार किया है।

दोनों आरोपियों ने अपने साथियों मनीष मीणा और दिनेश मीणा के साथ मिलकर 6 रिश्तेदारों तथा परिचितों को एसआई भर्ती परीक्षा-2021, पटवारी भर्ती परीक्षा-2021 और एलडीसी भर्ती परीक्षा-2021 डमी अभ्यर्थी बैठाकर पास करवाई थी।

दोनों राजस्थान संघ लोकसेवा आयोग में डमी कैंडिडेट भेजकर इंटरव्यू भी क्लीयर करवाते थे। सभी परीक्षाओं में रोशनलाल मीणा डमी अभ्यर्थी के रूप में बैठा था। जो पूर्व में गिरफ्तार हो चुका है। मनीष मीणा, दिनेश मीणा और दीपक मीणा तीनों सगे भाई हैं। जबकि महेश मीणा इनका मामा है। एडीजी वीके सिंह ने बताया- दीपक मीणा की जगह सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में रोशनलाल बैठा था। दीपक मीणा एसआई भर्ती की लिखित परीक्षा में पास हो गया था।


महेश मीणा | दीपक मीणा

इसी तरह दीपक मीणा के भाई मनीष मीणा की जगह लिखित परीक्षा और इंटरव्यू में भी रोशनलाल बैठा था। इससे मनीष मीणा का सब इंस्पेक्टर के रूप में चयन हो गया था। वह इंटेलिजेंस में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत था। मनीष वर्तमान में फरार है। इसी तरह फरार दिनेश मीणा और गिरफ्तार महेश मीणा की जगह लिपिक (एलडीसी) ग्रेड सेकेंड-2021 की लिखित परीक्षा में रोशनलाल बैठा था। इसमें ये दोनों चयनित होकर वाणिज्यिक कर विभाग दौसा में नौकरी कर रहे थे।

**गोपालकों को बिना ब्याज के मिलेगा एक लाख का ऋण**

# शिविर लगा गोपालकों से भराएंगे गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना फार्म

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा गोपालक परिवारों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर शुरु की गई गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना की क्रियान्विति के लिए राज्यभर में 25 सितम्बर से 9 अक्टूबर तक कैम्प लगाए जाएंगे।

योजना में पात्र गोपालकों को एक वर्ष के लिए एक लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा। शिविरों में ब्लॉक स्तर पर डेयरी समितियों और केन्द्रीय सहकारी बैंक (पैक्स) के संयुक्त कैम्पों में गोपालकों से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि योजना के प्रथम चरण में 5 लाख गोपालक परिवारों को ऋण उपलब्ध कराए जाएंगे। और इस योजना पर आगामी वर्ष 150 करोड़ रुपये खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि राज्यभर के जिला दुग्ध संघों को पैक्स बैंक के साथ मिलकर ब्लॉक स्तर पर कैम्प आयोजित करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। एक गोपालक परिवार से एक सदस्य जो कि सहकारी डेयरी समिति को दूध का बेचान करता हो, को प्राथमिक दुग्ध समिति की अनुशंषा पर ऋण प्राप्त कर सकता है।

गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के अन्तर्गत ऋण हेतु गोपालक से कोई प्रोसेसिंग शुल्क नहीं लिया जाएगा। गोपालक द्वारा समय पर अथवा समय से पूर्व चुकारा किए जाने पर नवीन ऋण स्वीकृत किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि गोपालक शिविरों में आवेदन कर सकते हैं।

**मृतक के परिजनों ने प्रदर्शन कर पुलिस पर लगाए आरोप**

# युवक की मौत पर लोगों ने थाना घेरा

बेधड़क | जयपुर

झालाना बाइपास पर कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत मामले में लोगों ने रविवार को एक्सीडेंट थाना (ईस्ट) का घेराव किया। मृतक के परिजनों ने प्रदर्शन कर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। दरअसल, झालाना बाइपास पर कार की टक्कर से बाइक सवार अजय कुमार शर्मा (29) निवासी रामगढ़ की मौत हो गई थी। कार ने गलत साइड जाकर बाइक को टक्कर मारी थी। परिजनों का आरोप है कि चालक महेंद्र कुमार रूंडला शराब पीकर कार चला रहा था। नशे में अजय की बाइक को टक्कर मार दी। कार के अंदर शराब की बोतलें भी मिली थी। पुलिस ने मामूली कार्रवाई करते हुए कार चालक का मेडिकल नहीं करवाया। कार चालक को बचाने के लिए रोड पर बरसाती गड्ढे होने के चलते एक्सीडेंट होना बताया।



मृतक अजय की मौत पर न्याय की मांग को लेकर रविवार दोपहर करीब 300 से अधिक लोगों ने एक्सीडेंट थाना (ईस्ट) का घेराव कर प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की कि नॉर्मल एक्ट में दर्ज FIR को स्ट्रांग कर आरोपी कार चालक की गिरफ्तारी की जाए। गौरतलब है कि इससे पहले डीसीपी (ट्रैफिक) सागर ने शिकायत मिलने पर जांच अधिकारी एएसआई हरि सिंह को लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया था।

**राजकार्य में बाधा पहुंचाने पर चार गिरफ्तार**

# निगमकर्मियों से गायें छीनी, जान से मारने की दी धमकी

बेधड़क | जयपुर

गोशाला पहुंचाने के लिए ले जाई जा रही गायों को कुछ लोग निगम कर्मचारियों से छुड़ा ले गए। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी भी दी। इस संबंध में विद्याधर नगर थाना पुलिस ने राजकार्य में बाधा पहुंचाने वाले चार युवकों को गिरफ्तार किया है। अन्य की तलाश पुलिस कर रही है।

एडिशनल डीसीपी नॉर्थ बजरंग सिंह शेखावत ने बताया- 19 सितंबर को पुलिस थाना विधाधर नगर जयपुर उत्तर पर उपायुक्त पशु प्रबंधन नगर निगम ग्रेटर जयपुर रजनी माधीवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि नगर निगम ग्रेटर की पशू प्रबंधन शाखा द्वारा बेसहारा, आश्रयहीन पशुओं, गाय, सांड इत्यादि को पकड़कर सुरक्षित हिंगोनिया गोशाला पहुंचाने का कार्य किया जा रहा था। तभी अचानक 5-6 बाइक वालों ने अम्बाबाड़ी शोपिंग सेंटर मंदिर मोड सुंदर नगर राजीव नगर में मेरी गाड़ी का पीछा करके घेर लिया।



कई बार जान से मारने की धमकियां देते रहे। साथ गाली गलोच करते रहे। मेरे कर्मचारियों तथा ठेकेदार के लोगों को काम नहीं करने दिया। गायों को मारते-पीटते हुए ले गए। विरोध करने पर जान से मारने की धमकियां देने लगे। इस पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई।

### सीसीटीवी फुटेज देखी, ठिकाने छाने

इसके बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाश में सभी संभावित स्थानों पर दबिश की गई। सीसीटीवी फुटेज चैक किए गए। इस दौरान पता चला कि आरोपी चौगान स्टेडियम के आस पास निवास करते हैं। इस पर टीम द्वारा परम्परागत तरीके से चौगान स्टेडियम की आस पास पूछताछ की। आरोपी के निवास स्थान पर दबिश दी। आरोपी को दस्तयाब किया।

### इनको किया गिरफ्तार

पुलिस ने सन्नी (37) उर्फ जावेद घोषी निवासी गोविंद देव कालोनी चौगान स्टेडियम के पीछे पुलिस थाना कोतवाली जयपुर, शुभम उर्फ सुब्बी (27) पुत्र औमप्रकाश निवासी गोविंद देव कालोनी चौगान स्टेडियम के पीछे पुलिस थाना कोतवाली जयपुर, इरशाद उर्फ इशाक घोषी (32) पुत्र चांद घोषी निवासी आकड़ों का रास्ता किशन पोल बाजार थाना कोतवाली जयपुर और इमरान घोषी (35) पुत्र अकबर घोषी निवासी आकड़ों का रास्ता किशनपोल बाजार पुलिस थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया है।

**रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा**

# सीएम हाउस में निकला 6 फुट लम्बा कोबरा

बेधड़क | जयपुर

सीएम हाउस में सीएमआर के गेट नंबर 8 में कोबरा घुस गया। 6 फीट लम्बा कोबरा देख कर सुरक्षाकर्मी घबरा गए। बाद में कोबरा को रेस्क्यू कर झालाना के जंगलों में छोड़ दिया गया। गैर सरकारी संगठन होप एंड बियॉन्ड के प्रशिक्षित विशेषज्ञ सांप को रेस्क्यू करने के लिए मौके पर पहुंचे। उन्होंने सांप को सुरक्षित तरीके से पकड़ा और बाहर निकाला। होप एंड बियॉन्ड के प्रणय सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के आवास के गेट के पास एक छोटे से बगीचे में रात करीब 2 बजे सांप के होने की सूचना मिली। सूचना पर हमारी टीम 3 बजे मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। सांप गुस्से में था, क्योंकि जिसने भी सांप को देखा वह बार-बार उसके पास जा रहे थे। कुछ ने उस पर टॉर्च कर रखी थी। कुछ मिनट के रेस्क्यू के बाद सांप कंट्रोल किया। डॉक्टर जॉय गार्डनर( चेयरमैन ) होप एंड बियॉन्ड एनजीओ ने बताया- सीएमआर के बाहर जो सांप निकला वह स्पेक्टिकल कोबरा था।

## जरूरी खबर

### भूणाराम पंचायत राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक



**चाकसू।** पंचायत राज भाजपा के प्रदेश सयोंजक रघुवीर सिंह चौधरी ने चाकसू भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता भूणाराम गुर्जर को जिला देहात दक्षिण का सयोंजक बनाया गया है। वही गुर्जर जिला सयोंजक बनने के बाद चाकसू पहुंचे तो उनके कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने मिठाई वितरण की ओर गुर्जर का माला व सांफा पहनाकर स्वागत किया। गुर्जर चाकसू भाजपा मण्डल के अध्यक्ष सहित जिला पार्षद कई विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं।

### त्रिनेत्र गणेश मंदिर में 2 अक्टूबर तक दर्शन बंद

**सवाई माधोपुर।** जिले में पिछले दिनों हुई लगातार भारी बारिश के चलते रणथंभौर क्षेत्र में गणेश मंदिर जाने वाला मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था। अब वन विभाग की ओर से रास्ते की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसके चलते मंदिर में दर्शन 2 अक्टूबर 2024 तक बंद रहेंगे। मंदिर ट्रस्ट के महंत बृजकिशोर दाधीच ने बताया कि बारिश के बाद अब रास्ता फिर से बनवाया जा रहा है। इस कारण मंदिर के दर्शन आमजन के लिए आगामी 2 अक्टूबर तक बंद रहेंगे। तीन अक्टूबर से मंदिर में श्रद्धालु फिर से दर्शन कर सकेंगे। इस दौरान भगवान गणेशजी की सेवा पूजा नित नियम से चलेगी।

### नाबालिग बालिका ने घर में चुन्नी से लगाई फांसी




**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले की कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार को 14 साल की नाबालिग घर में चुन्नी से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। इससे पहले उसने अपने दाएं हाथ पर ब्लेड नुमा पत्ती से एसए लिखा और फोन का वीडियो कैमरा ऑन कर सुसाइड कर लिया। सुबह मां उसे जगाने गई तो उसे पंखे से फंदे पर लटके देखा। मामले के जांच अधिकारी और कोतवाली एएसआई कमलेश कुमार ने बताया- सुबह 9 बजे थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग युवती के सुसाइड की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मामले को लेकर जांच की जा रही है। परिजनों से कारणों को लेकर पूछताछ कर रहे हैं।

## सीकर में बिजली कर्मचारी पर दराती से किया हमला, सिर में 9 टांके आए

# बिजली चोरी रोकने गई विजिलेंस टीम को बंधक बनाकर पीटा

**बेधड़क** | सीकर

सीकर में बिजली चोरी की सूचना पर मौके पर गई अजमेर डिस्कॉम की विजिलेंस टीम पर मकान मालिक और उसके परिजनों ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने टीम को बंधकर बनाकर धारदार हथियारों, लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमले किए। एक महिला ने एक कर्मचारी पर घास काटने वाली दराती से वार किया। इस दौरान बीच-बचाव करने आए गार्ड पर दूसरे आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से गार्ड वहीं पर गिर गया। टीम जैसे-तैसे अपनी जान बचाकर वथाने पहुंची और केस दर्ज कराया। मामला लक्ष्मणगढ़ इलाके के बलारां थाना क्षेत्र का है। उधर, देर शाम बिजली विभाग ने आरोपी के घर का बिजली का कनेक्शन काट दिया।



### सुबह चार बजे निरीक्षण के लिए पहुंची थी टीम

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता (एईएन) मुकेश कुमार (41) ने बताया- वह श्रीमाधोपुर मुख्यालय से बिजली चोरी की जांच के लिए टीम के साथ बैरास गांव में गए थे। टीम में गार्ड महावीर प्रसाद, ड्राइवर भागीरथ मल, कर्मचारी प्रमोद कुमार, मोहम्मद हुसैन और गणेश राम शामिल थे। सुबह 4 बजे टीम आरोपी ताराचंद के घर पहुंची थी। बिजली चोरी की जांच के दौरान अचानक आरोपी ताराचंद और उसके परिजनों ने टीम पर हमला कर दिया। आरोपी ताराचंद ने कर्मचारी प्रमोद को लाठी से पीटना शुरू कर दिया। वहीं घर में एक महिला सुमन ने मोहम्मद हुसैन पर घास काटने वाली दराती से वार किया। इस दौरान बीच-बचाव करने आए गार्ड महावीर प्रसाद पर एक आरोपी सोनू ने धारदार हथियार से वार किया। सिर पर हमले से गार्ड वहीं पर गिर गया। इसके बाद आरोपियों ने टीम को बंधकर बनाकर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ वार किए। मुकेश कुमार ने बताया- विजिलेंस टीम के कर्मचारी जैसे-तैसे अपनी जान बचाकर बलारां थाने पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल गार्ड महावीर प्रसाद को 108 एंबुलेंस के जरिए लक्ष्मणगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। गार्ड के सिर में 9 टांके आए हैं। फिलहाल जयपुर में इलाज चल रहा है।

### आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

बलारां थाने के हेड कॉन्स्टेबल शुभकरण लामुरिया ने बताया- बिजली विभाग के कर्मचारियों की सूचा पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो गार्ड महावीर प्रसाद खून से लथपथ हालत में मिला। गार्ड को लक्ष्मणगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में जयपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने एईएन की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और जांच में जुटी है।

## अजमेर जिले के रूपनगढ़ में बवाल, पुलिस बल तैनात

# छात्रावास की जमीन पर दुकानें बनाने के विरोध में चलीं गोलियां

- फायरिंग में दो की मौत, कई घायल
- लोगों ने जेसीबी को लगाई आग, तनाव

**बेधड़क** | अजमेर

जिले के रूपनगढ़ में जमीन विवाद में किशनगढ़ के पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया के बेटे भंवर सिनोदिया की हत्या के आरोप में बलवाराम चौधरी जेल में सजा काट रहे है। इसी बीच रविवार को उसके भांजे और साथियों ने उनकी रूपनगर स्थित श्वेतांबर जैन समाज छात्रावास की जमीन पर बनाई जा रही दुकानों का विरोध करते हुए हमला कर दिया। हमले के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और जेसीबी में आग लगा दी। घटना के बाद इलाके के बाजार बंद हो गए। फायरिंग और आगजनी की खबर के बाद इलाके में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। साथ ही स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूरे इलाके में पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, किशनगढ़ के पूर्व विधायक नाथूराम सिंदोइया के बेटे भंवर सिंदोइया हत्याकांड के आरोपी बलवाराम चौधरी के भतीजे दिनेश चौधरी ने रूपनगढ़ में श्वेतांबर जैन समाज छात्रावास की जमीन पर बनाई जा रही दुकानों का विरोध कर रहे ग्रामीणों पर हमला कर दिया। डीएसपी ग्रामीण सत्यनारायण यादव ने बताया- गोली लगने से रामसर (रूपनगढ़) निवासी शकील लंगा (25) समेत दो लोगों की मौत की मौत हुई है। जबकि नारायण (32) पुत्र नानूराम घायल हुआ है। घटना के बाद एक आरोपी को डिटेन कर लिया गया है व पुलिस ने पांच वाहन भी जब्त किए हैं।



बदमाशों ने ग्रामीणों को पीटा



इसी दौरान बलवाराम चौधरी के साथियों ने आकर मौके से दुकान बनाने वाले ग्रामीणों के साथ मारपीट की और जेसीबी से दुकान तोड़ने की भी कोशिश की। इस बात को लेकर रुपनगढ़ के ग्रामीण एकत्र होकर जेसीबी के साथ तोड़ फोड़ की। वही दूसरी तरफ मारपीट करने आए बलवाराम चौधरी के भांजे दिनेश चौधरी ने करीब तीन-चार राउंड फायर किया। जिसमें एक ग्रामीण की मौत हो गई। इस मारपीट में तीन-चार व्यक्ति घायल हो गए, जिसमें ग्रामीण नारायण कुमावत को गंभीर अवस्था में जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज जारी है।

### जमीन पंचायत की, कब्जा लंगा परिवार का

डीएसपी ने बताया- जैन छात्रावास के आगे पंचायत की जमीन है। यहां लंगा परिवार का कब्जा है। इस जमीन पर पिछले दिनों पंचायत ने पट्टे दिए हैं। आज यहां लंगा परिवार की ओर से दुकान का निर्माण करवाया जा रहा था। इसी दौरान सुबह बलवा राम चौधरी (बीआरसी) ग्रुप के लोग यहां पहुंचे और दोनों पक्षों में झड़प हो गई। इसके बाद बीआरसी ग्रुप के लोग यहां से चले गए। करीब आधे घंटे बाद वे कुछ अन्य लोगों को लेकर आया। कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। इसके बाद पत्थरबाजी और फायरिंग हो गई।

### क्या था सिनोदिया की हत्या का मामला

जयपुर रोड बालाजी मंदिर के पास शाम 4 बजे बाइक पर आए तीन अज्ञात हमलावरों ने कांग्रेस के पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया के पुत्र भंवर सिनोदिया हत्याकांड के मुख्य चश्मदीद गवाह भागचंद चोटिया की सरेआम फायरिंग कर हत्या कर दी थी। जिस पर मौके पर ही चोटिया मौत हो गई थी। वहीं फायरिंग के बाद हमलावर प्रयुक्त पिस्टल मौके पर छोड़कर भाग निकले, जिसे पुलिस ने बाद में जब्त कर लिया।

## बजरी माफियाओं का आतंक

# ट्रैक्टर से 7 साल की मासूम बच्ची को रौंदा



- दो बाइकों को भी मारी टक्कर

**बेधड़क** | धौलपुर

धौलपुर में बजरी माफियाओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। अवैध बजरी माफिया लोग दूसरों की जान लेने से भी नहीं हिचकिचा रहे हैं। धौलपुर में रविवार सुबह बजरी माफियाओं के कहर से एक 7 वर्षीय मासूम बच्ची की जान चली गई। इस दौरान बालू को खाली कर लौट रहे एक ट्रैक्टर ट्राली ने मासूम को बुरी तरह रौंद दिया। जिससे बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। मामले को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

उन्होंने पुलिस के सामने घटना को लेकर प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार यह सनसनी फैल देने वाला मामला धौलपुर के निहालगंज थाना इलाके की अंबेडकर कॉलोनी का है, जहां रविवार सुबह बजरी माफियाओ का कहर देखने को मिला। इस दौरान बालू रेत खाली कर लौट रही ट्रैक्टर ट्राली ने घर के बाहर खेल रही 7 साल की मासूम बच्ची को बुरी तरह रौंद दिया। इसके बाद ट्रैक्टर ट्रॉली ने फरार होते हुए दो बाइकों को भी टक्कर मार दी।

इधर, बच्ची कें चीखने की घटना से परिवार में कोहराम मच गया, उसे तत्काल अस्पताल भर्ती।

### अस्पताल में मासूम ने तोड़ा दम

पुलिस के अनुसार अंबेडकर कॉलोनी निवासी पूर्णिमा पुत्री रामनरेश घर के सामने खेल रही थी। इस बीच तेज रफ्तार से गुजर रही ट्रैक्टर ट्राली ने बच्ची को बुरी तरह रौंद दिया। इसके बाद बच्ची की चीख से कॉलोनी में सनसनी फैल गई। इस बीच चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों में गहरा आक्रोश फैल गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया।

## जोधपुर: मुकदमे में कार्रवाई करने के लिए मांगी रिश्वत

# कांस्टेबल पांच हजार घूस लेते पकड़ा

**बेधड़क** | जोधपुर

रिश्वतखोरों के खिलाफ एसीबी ताबड़तोड़ एक्शन ले रही है। रविवार को जोधपुर में रिश्वत के मामले में बड़ा एक्शन लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने एक पुलिस कांस्टेबल को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, आरोपी मुकदमे में कार्रवाई करने के लिए रिश्वत लेते हुए कांस्टेबल को पकड़ा गया है। वहीं, रिश्वतखोरी के मामले में शामिल हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार करने के लिए टीम



बनाई गई है। एसीबी के एडिशनल एसपी चक्रवर्ती सिंह ने बताया कि जसवंत ने एसीबी को एक परिवाद दिया कि जून 2024 में एक मुकदमा लूणी थाना क्षेत्र में दर्ज हुआ था, जिसमें उसके परिवार की ओर से कार्रवाई को लेकर लगातार पुलिस से संपर्क किया गया, लेकिन पुलिस मामले में एक्शन लेने को लेकर टालमटोल करती नजर आई। इसके बाद हेड कांस्टेबल शंभू राम ने परिवादी के परिवार से रिश्वत की डिमांड की। शिकायतकर्ता के पिता से रिश्वत के तीन हजार हजार रुपए पहले ही लिए जा चुके थे। जिसकी एसीबी में भी शिकायत दर्ज करवाई। हेड कांस्टेबल शंभू राम ने परिवादी को कहा कि यदि मैं ना मिलूं तो पैसे कांस्टेबल मुन्नाराम को दे दिए जाएं। एसीबी ने मांग का सत्यापन होने पर आज कांस्टेबल मुन्नाराम को पांच हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

## सर्किल का नाम वीर तेजाजी रखने की मांग

# गरुड़वासी चौराहे पर बोर्ड लगाने के बाद विवाद

**बेधड़क** | चाकसू

चाकसू के गरुड़वासी चौराहे पर वीर तेजाजी नाम से सर्किल बनाने की जिद को लेकर कुछ लोगों द्वारा बोर्ड लगाने पर विवाद के हालत हो गए।

नगर पालिका ईओ डॉ. बनवारी लाल मीणा ने बताया कि बोर्ड लगाने की अनुमति नहीं होने पर नगरपालिका ने उसे जब्त कर लिया। किसी भी सार्वजनिक चौक चौराहा सड़क का नाम रखना करना एक लंबा प्रोसेस है। इस तरह की बिना अनुमति महौल पैदा करना गलत ही हैं। इधर, बोर्ड जब्त करने नाराज होकर मौके पर लोग धरने पर बैठ गए। वहीं हालात ज्यादा नही बिगड़े, इस पर थाना प्रभारी राजूराम बामणिया मय जाब्ते के मौके पर तैनात रहे।



जानकारी के अनुसार रविवार को कुछ लोगों द्वारा गरुड़वासी मोड़ पर वीर तेजाजी सर्किल बनाने की जिद के चलते बड़ा बोर्ड लगा दिया गया। अचानक इस तरह के बोर्ड से आसपास के लोग अचंभित हो गए। वहीं बोर्ड लगाने की अनुमति नगरपालिका से नहीं मिलने पर उसे नगरपालिका ने जब्त कर लिया। वहीं नगरपालिका की ओर से बोर्ड जब्त करने से बोर्ड लगाने वाले लोगों में आक्रोश फैल गया और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद लोग इसके विरोध में धरने पर बैठ गए। वहीं नगरपालिका की ओर से बोर्ड जब्त करने के बाद युवाओं ने लाल रंग से जगह- जगह वीर तेजाजी सर्किल लिख दिया।

## जैसलमेर में किया पौधरोपण, रेतीले धोरों को हराभरा बनाने की कवायद

# एक घंटे में पांच लाख से अधिक पौधे लगाकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**बेधड़क** | जैसलमेर

भारत-पाक सीमा से सटा सरहदी जैसलमेर जिला जो कि रेतीले टीलों के नाम से जाना जाता है, लेकिन अब यहां हरित क्रांति का संदेश परवान पर नजर आ रहा है। जैसलमेर में प्रादेशिक सेना पौधा रोपण में नया इतिहास रचने जा रही है।

प्रादेशिक सेना की 128वीं पैदल वाहिनी (इको टास्क फोर्स) ने रविवार को जैसलमेर में 1 घंटे में 5 लाख से अधिक पौधे लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। जिला प्रशासन, सेना, बीएसएफ, एयर फोर्स, पंचायतराज, वन विभाग सहित आमजन ने भी इस वर्ल्ड रिकॉर्ड को बनाने में अपनी भागीदारी निभाई। 5 लाख पौधे लगाने का यह कार्यक्रम जैसलमेर के मिलिट्री स्टेशन, न्यू लिंक रोड रानीसर, मोहनगढ़, सम, देगराय मंदिर, देवीकोट व हमीरा में आयोजित हुआ।

जिला कलेक्टर प्रताप सिंह नाथावत ने बताया कि रविवार सुबह 11 बजे से शुरू हुआ ये कार्यक्रम 12 बजे तक 1 घंटे चला। इसमें पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी, जिला प्रमुख प्रताप सिंह सोलंकी, बीएसएफ नार्थ सेक्टर के डीआईजी योगेंद्र सिंह राठौड़ सहित प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही जैसलमेर की जनता ने भी अपनी भागीदारी निभाई।

वहीं, देगराय ओरण इलाके में सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल व शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने भी पौधरोपण कर इस कार्यक्रम में अपना सहयोग दिया।

### हजारों लोगों ने अभियान में दिया योगदान

बता दें कि वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में एक घंटे में 3 लाख 31 हजार पौधे लगाने का रिकॉर्ड दर्ज है। प्रादेशिक सेना से मेजर एस एस पाटिल ने बताया कि इस रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए ईटीएफ (इको टास्क फोर्स) ने जिले की 7 जगहों का चयन किया और वहां गड्ढे खुदवाकर पौधे तैयार रखे। रविवार को एक साथ सभी 7 जगहों पर हजारों की संख्या में उमड़े लोगों ने फटाफट पौधे लगाए। करीब 1 घंटे में 5 लाख गड्ढों में 5 लाख पौधे लगाए गए। सभी ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं, इस मुहिम में सरहद की रखवाली करने वाले बीएसएफ के जवान भी अपनी भागीदारी बीते लंबे समय से निभा रहे हैं। पौधे लगाने के बाद इस रिकार्ड को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भेज कर दर्ज करवाया जाएगा।



### भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार पौधों का चुनाव

1997 से ईटीएफ कर रही पौधारोपण : प्रादेशिक सेना से मेजर एस एस पाटिल ने बताया कि वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए ईटीएफ (इको टास्क फोर्स) ने इस बार 5 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा था। जिसके लिए ईटीएफ ने साढ़े तीन लाख से अधिक पौधे स्वयं तैयार किए, वहीं डेढ़ लाख के करीब पौधे उन्होंने वन विभाग से खरीदे। जैसलमेर की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इन पौधों में मुख्यत: नीम, खेजड़ी, रोहिडा, कुमट, इमली, करंज व बेर के पौधे लगाए गए हैं। प्रादेशिक सेना के मेजर एस एस पाटिल ने बताया कि 128वीं पैदल वाहिनी, जिसे इको टास्क फोर्स के नाम से भी जाना जाता है। यह 1997 में जैसलमेर के मोहनगढ़ में तैनात हुई थी, जिसने अब तक के 26 सालों में बीस हजार हेक्टेयर जमीन पर 2 करोड़ के करीब पौधे लगाए हैं। वहीं, पौधारोपण के साथ ही ये वाहिनी 4 साल तक पौधों की देखभाल भी करती है। हर साल पौधारोपण के दौरान जहां 10% पौधे खराब हो जाते हैं। वहीं, इनकी कड़ी मेहनत से 90% पौधे वृक्ष का रूप ले लेते हैं।

**स्कूली बच्चों के साथ चलाया स्वच्छता अभियान, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में दिखा उत्साह**

# MNIT जयपुर ने उन्नत भारत अभियान के तहत किया पौधरोपण

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) की ओर से रविवार को उन्नत भारत अभियान के तहत गोद लिए गांव बुड्थल एवं डाब के नाला में पौधरोपण अभियान चलाया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चलाए जा रहे इस अभियान में एमएनआईटी ने स्थानीय सरकारी स्कूल के बच्चों का भी सहयोग लिया। इस दौरान राजकीय स्कूलों के बच्चों के साथ मिल कर स्वच्छता अभियान के साथ पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी रखा गया था। साथ ही ग्रामीण महिलाओं में सेनेट्री पैड भी बांटे गए। स्कूल प्रधानाचार्य के अलावा सरपंच प्रहलाद भी उपलब्ध रहे।





**2014 से की गई अभियान की शुरुआत**

यह अभियान साल 2014 से चल रहा है। तब से यह लगातार शिक्षण संस्थानों और गांवों के बीच के अंतर को कम करने, ग्रामीण परिवेश के लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह अभियान ग्रामीण परिवेश के छात्रों को शिक्षा क्षेत्र में आने वाली समस्याओं का स्थायी समाधान प्रदान कर रहा है। एमएनआईटी अपने उच्च तकनीकी एवं ऊर्जावान मेधावी विद्यार्थियों के माध्यम से ग्रामीण जीवन मे खुशहाली लानी का काम कर रहा है। यूबीए टीम समय समय पर ग्रामीणों के बीच पहुंच उनके समस्यओं के हिसाब से योजना बना कर विकास के लिए कार्य कर रहे हैं।

### सारस्वत ने बच्चों को किया मोटिवेट

एमएनआईटी के तरफ से उन्नत भारत अभियान के संयोजक डॉ. नीरजा सारस्वत ने दोनों गांवों के बच्चों के साथ मोटिवेशनल बातचीत की और ग्रामीण महिलाओं के बीच उनके स्वास्थ्य पर चर्चा की। इस अवसर पर संस्थान के तरफ से डॉ निधि शर्मा, डॉ प्रियंका हरजुले, डॉ उत्तम सिंह, डॉ रामेश्वर, बिरेन्द्र पांडेय, कुशाग्र शर्मा और विद्यार्थियों में राहुल, निखिल, नेहा, सार्थक, केशव, धैर्य आदि मौजूद रहे। क्विज प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थी खुशी मीना, टीटू एवं चंद्रमुखी विजेता रहीं। शिक्षा मंत्रालय प्रमुख कार्यक्रम 'उन्नत भारत अभियान' राष्ट्रीय सेवा-शिक्षण से जुड़ा है। जिसमें ग्रमीण विकास में संस्थानों को जुड़ने और उनके उन्नति के लिए पहल है। इसका उद्देश्य है उच्च शिक्षा संस्थानों के माध्यम से ग्रामीण विकास प्रक्रिया को बेहतर करना।

## Yuva स्टोरीज

## पूर्व विद्यार्थियों का स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मान



**बेधड़क | जयपुर**

उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, जय जवान कॉलोनी में स्वावलंबी भारत अभियान पखवाड़ा के तहत उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सी.ए. राजेश कंदोई ने विषय की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर व्यवस्थापक तरुण अग्रवाल ने पूर्व छात्रों का श्रीफल, स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। आदर्श शिक्षा परिषद के अध्यक्ष राममोहन गर्ग ने आशीर्वचन प्रदान किया। जिला सचिव दामोदर चौहान और प्रधानाचार्या रेखा पारीक ने पधारे हुए आगंतुकों से परिचय करवाया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व छात्र निशांत गोयल, कपिल मोहन गर्ग और हेमंत चौधरी ने स्वावलंबन पर अपने विचार सांझा किए।

## राष्ट्र की सेवा के लिए किया जागरूक



**बेधड़क | जयपुर**

मानसरोवर स्थित सेंट विल्फ्रेड कॉलेज फॉर गर्ल्स में एनएसएस और आनंदम के कार्यक्रमों का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर विल्फ्रेड ग्रुप ऑफ एजुकेशन सोसाइटी के मानद सचिव डॉ. केशव बड़ाया और महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा तिवारी और उप-प्राचार्य डॉ. नरेंद्र अग्रवाल और मुख्य अतिथि जिला समन्वयक एनएसएस डॉ. गोविंद शरण शर्मा और राजस्थान विश्वविद्यालय गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्या डॉ. ज्योति मीणा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस समारोह में लगभग 300 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला समन्वयक एनएसएस डॉ.गोविंद शरण शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को बताते हुए कहा कि एनएसएस का उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और चरित्र के विकास के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा के लिए उन्हें जागरूक करना है।

## राजेश लेंगे इंटरनेशनल ट्रेनिंग में हिस्सा

**बेधड़क | जयपुर**



पर्यावरण के संरक्षण के साथ-साथ संवर्धन की दिशा में काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता व जिला पर्यावरण सुधार समिति के सचिव राजेश अग्रवाल को क्लाइमेट चेंज पर आयोजित होने वाली इंटरनेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए न्यौता मिला है। राजेश अग्रवाल 24 से 27 सितंबर तक काठमांडू में आयोजित होने वाली चार दिवसीय इंटरनेशनल ट्रेनिंग आन क्लाइमेट एक्शन सीरिज 3 में हिस्सा लेंगे। प्रोग्राम डायरेक्टर अरूण खडका ने उन्हें पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने बताया कि इस ट्रेनिंग कार्यक्रम में एशिया के विभिन्न देशों भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, पोलेंड व इंडोनेशिया के 60 प्रतिनिधि शामिल होंगे। जिनमें क्लाइमेट एक्टिविस्ट, रिसचर्स, स्कॉलर्स, गवरमेंट रिप्रेंजेटिव, सिविल सोसायटी पायोनियरस शामिल है। जो क्लाइमेट चेंज को लेकर चर्चा करेंगे। यह आयोजन सीपशाला ए स्किल हब, यूथ डवलपमेंट सेंटर तथा लैंड अवर फ्यूचर के सहयोग से हो रहा है। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में जिला पर्यावरण सुधार समिति के कोषाध्यक्ष अभिषेका मुराका भी हिस्सा लेंगे।

**राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का शिक्षक सम्मेलन**

# शिक्षा अच्छी रही तो राष्ट्र भी अच्छा रहेगा: बागड़े

**बेधड़क | अजमेर**



अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान का एमडीएस यूनिवर्सिटी में रविवार को शिक्षक सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े शामिल हुए। राज्यपाल ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा- शिक्षा का पहला शिक्षक जो होता है वह बच्चों के माता-पिता होते हैं, बाद में स्कूल के शिक्षक होते हैं। वहीं, उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान नहीं मिलेगा तब तक उसे विद्यार्थी का ज्ञान सीमित ही रहेगा।

कार्यक्रम में शिक्षकों और यूनिवर्सिटी की समस्याओं पर चर्चा की गई। जिसमें कई यूनिवर्सिटी के कुलपति भी शामिल हुए। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने संबोधित करते हुए कहा कि वह कभी भी स्वयं तो खुद किसी स्कूल में शिक्षक नहीं रहे। लेकिन उन्होंने शाखा में शिक्षक की जिम्मेदारी संभाली है। उन्होंने कहा कि रूस में एक विश्वविद्यालय के बाहर बोर्ड पर लिखा है कि किसी देश को बर्बाद करने के लिए बम की आवश्यकता नहीं है। उस देश की शिक्षा व्यवस्था को बिगाड़ दो, तो उसका राष्ट्र भी बिगाड़ सकता है। अगर उसकी शिक्षा अच्छी रही तो राष्ट्र भी अच्छा रहेगा। अगर सभी राष्ट्र को बनाना है तो शिक्षा ही महत्वपूर्ण है। शिक्षा का पहला शिक्षक जो होता है, वह बच्चों के माता-पिता होते हैं। बाद में स्कूल के शिक्षक होते हैं।

### दयानंद सरस्वती की शिक्षा को अपनाने की आवश्यकता

कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि कभी-कभी यूट्यूब पर देखता हूं कि एक-एक साल के बच्चे कुछ ना कुछ काम करते रहते हैं। चाहे वह व्यायाम हो या पढ़ाई संबंधित चीज हो। इतनी छोटी आयु में उनके माता-पिता उन्हें यह ज्ञान देते होंगे। उन्होंने एक वीडियो का उदाहरण देते हुए बताया कि एक वीडियो में एक छोटा बच्चा अपने पिता को करंट लगने पर टेबल पर खड़ा होकर बटन बंद कर बचाता है, मतलब उसे पता था करंट लगने पर कैसे बचाव करना है। हमारे देश में भी इस तरह की शिक्षा की जरूरत है। उन्होंने माहेश्वरी दयानंद सरस्वती और संत ज्ञानेश्वर की शिक्षाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है।

### विद्यार्थियों की भौतिक क्षमता को बढ़ाएं

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि विद्यार्थियों की भौतिक क्षमता को बढ़ाएं। जब तक किताबी ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान नहीं मिलेगा तब तक उस विद्यार्थी का ज्ञान सीमित ही रहेगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण का भाव जागृत करने की जरूरत है। नई शिक्षा नीति में इसका समावेश किया गया है। उन्होंने संबोधित करते हुए यह भी कहा कि कई बार यह देखने में आता है की शिक्षक जिस विद्यालय में पढ़ाते हैं उनके स्वयं के बच्चे उस विद्यालय में नहीं पढ़ते हैं। इसमें बदलाव की आवश्यकता है। शिक्षक अपने बच्चों को उस विद्यालय में पढ़ाएं जहां वह पढ़ाई कराते हैं।

## 'उत्थान' ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन



**जयपुर।** सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय में 'उत्थान' ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नवीन जैन,वित्त सचिव, राजस्थान सरकार, विशिष्ट अतिथि अल्का गौड, अध्यक्ष, व्यापार और उद्योग महासंघ और बिंदु चौधरी,ब्रांड एम्बेसेडर साइबर पीस कोर रहे । डॉ. रेनू जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया तथा अपने उदबोधन में स्टूडेंट्स को बताया कि आगामी तीन वर्ष उनके लिए अत्यंत मूल्यवान है तथा अथक परिश्रम के साथ लक्ष्य सिद्धि तक प्रयासरत रहे । इस अवसर पर महाविद्यालय के संयोजक वी सी डागा ने न्यू सेशन के स्टूडेंट्स स्टूडेंट्स को दीक्षारम्भ पर बधाई दी तथा कुछ कर गुजरने के जूनून को पैदा करने पर बल दिया। नवीन जैन ने स्टूडेंट्स को कॉलेज जीवन के आगामी तीन वर्ष एक लक्ष्य साधक के तौर व्यतीत करने की बात दोहराई। विशिष्ट अतिथि डॉ अल्का गोड ने स्टूडेंट्स जीवन में अध्ययन के साथ-साथ कौशल विकास के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में वाइस प्रिंसिपल डॉ. शर्मा ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**सुबोध पब्लिक स्कूल में आयोजन**

## नन्हे-मुन्नों ने किया ग्रैंड पेरेंट्स का स्वागत



**बेधड़क | जयपुर**

सुबोध पब्लिक स्कूल रामबाग के ऑडिटोरियम अरिहंत हॉल में बिजिनर्स ग्रुप के लिए ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत के पूर्व में ही नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के नन्हें छात्रों ने जब दादा-दादी के चरणों में उत्तम प्रणाम की प्रस्तुति, तो सभी अभिभूत हो उठे। ग्रैंड पेरेंट्स का स्वागत तिलक लगाकर और वेलकम कार्ड देकर किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा णमोकार मंत्र व प्रार्थना की प्रस्तुति से हुई । रंगारंग कार्यक्रम पेश करते हुए छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी परफॉर्मेंस से सबको प्रभावित कर दिया। उनकी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में गीत, कविता, श्लोक, दोहे व डांस का अनोखा मिश्रण था । छात्रों की प्रस्तुतियों के बाद ग्रैंड पेरेंट्स के लिए भी कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनमें क्ले मोल्डिंग, कलरिंग , टियरिंग एंड पेस्टिंग, ईयर बड पेंटिंग इत्यादि का समावेश था। ग्रैंड पेरेंट्स ने अंताक्षरी जैसे खेल में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**हाथोज में रक्तदान शिविर का आयोजन**

## रक्तदान मानवता की उत्तम सेवा: बालमुकुंद आचार्य

**जयपुर।** संत निरंकारी मिशन के संयोजक क्षेत्र हाथोज में रक्तदान शिविर का आयोजन संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा रखा हाथोज सत्संग स्थल नारायण विहार, कालवाड़ रोड में रखा गया। जिसमें 235 रक्तदाताओं ने रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन तो किया लेकिन 165 रक्तदाता ही रक्तदान कर पाए। शिविर का उद्घाटन विधायक बालमुकुंद आचार्य, जोनल इंचार्ज, जोन 20 बी जयपुर सुनील बाली ने ब्रांच मुखीयों, सेवादल अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। उद्घाटन सम्बोधन में आचार्य ने कहा कि रक्तदान जीवनदान होता है, रक्तदान करके मानव की उत्तम सेवा जाती है, रक्तदाताओं द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है। उन्होंने कहा कि हर युवा को रक्तदान की प्रेरणा लेकर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर सुनील बाली ने कहा कि संत निरंकारी मिशन के सेवादार सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज का लगातार रक्तदान शिविरों का आयोजन कर रहे हैं



जिससे जरूरतमंदों को रक्त मिल सके। रक्त एस एम एस ब्लड बैंक, अग्रसेन ब्लड बैंक और स्वास्थ्य ब्लड बैंक के सहयोग से एकत्रित किया गया। ब्रांच संयोजक भूपराम शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया । क्षेत्रीय संचालक सेवादल मनोज कुमार खंगार और संचालक दीन दयाल बैरवा ने सभी व्यवस्थाओं को संभालते हुए सफल रक्तदान संपन्न कराया।

**कराटे** | **68वीं राज्यस्तरीय कराटे प्रतोयोगिता का समापन**

# विद्यार्थियों ने दिखाया कौशल, विजेता हुए सम्मानित

**युवा पीढ़ी को खेलकूद के प्रति जागरूकता का दिया संदेश**

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग की ओर से निवारू रोड, झोटवाड़ा स्थित जे.वी.एम सीनियर सेकेंडरी स्कूल आयोजित 68वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ।

यह प्रतियोगित 16 सितंबर से शुरु हुई थी। इस साप्ताहिक प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों से लगभग 1500 से 2000 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। 68वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में करीब 200 बालक बालिकाओं ने गोल्ड ,सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीता।





### बच्चों का बढ़ाया हौसला

प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जयसुंडा सीकर से अंडर 17, लक्ष्य मेहता कोटा अंडर 17 से साथ में ही बालिकाओं ने भी बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया। जूही कुमारी जयपुर अंडर-19, गुंजन राठौड़ जयपुर अंडर 17, अवनी विजय वर्गीय कोटा अंडर-19, ऐमन खान कोटा अंडर-19 के विजेता रहे। साथ ही इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल राज्य सरकार की ओर अपॉइंटमेंट राजेश मीणा, परितोष, बालवीर जयप्रकाश, सीमा यादव, रेखा शर्मा ने इस प्रतियोगिता को ईमानदारी पूर्वक आयोजन करवाया। इस साप्ताहिक प्रतियोगिता में एशियन पैरा ओलिंपिक से गोल्ड पदक विजेता नितेश कुमार और एशियन पैरा ओलिंपिक रजत पदक विजेता अनीता चौधरी बच्चों को हौसला बढ़ाया।

### विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

प्रतियोगिता में विभिन्न सामाजिक संगठनों, समाज सेवकों ने शिरकत की। प्रतियोगिता के समापन पर राजस्थान के कई जिलों से आए बालक-बालिकाओं ने एक रैली निकाल कर युवा पीढ़ी को खेलकूद के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। संस्था के व्यवस्थापक धीरज शर्मा और प्रियंका शर्मा के छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार को किए आग्रह पर अग्निशमन विभाग की ओर से अग्निशमन वाहन, पुलिस विभाग की ओर से महिला-पुरुष पुलिस कर्मी, नगर निगम की ओर से सफाई वाहन व सफाई कर्मी और जलदाय विभाग द्वारा पानी टेंकर 24 घंटे उपलब्ध कराया गया।

# 'मेरी याद में तुम न आंसू बहाना...



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

फिल्मी दुनिया में शकील बदायुनी, मजरूह सुल्तानपुरी, हसरत जयपुरी, साहिर लुधियानवी और कैफी आजमी जैसे नामी गिरामी शायर-नगमा निगारों के बीच राजा मेहदी अली खान ने जो गजल और नगमे लिखे, उनका कोई जवाब नहीं। वे वाकई लाजवाब हैं। शायर-नगमा निगार राजा मेहदी अली खान ने बीसवीं सदी की चौथी दहाई से अपना अदबी सफर शुरू किया, जो तीन दहाईयों तक जारी रहा। उनका कलम से तअल्लुक एक सहाफी (पत्रकार) के तौर पर शुरू हुआ। अपने मामू के अखबार 'जमींदार' के अलावा बच्चों की एक पत्रिका 'फूल' में उन्होंने जर्नलिस्ट की हैसियत से काम किया। साल 1942 में राजा मेहदी अली खान दिल्ली चले आए और वहां 'ऑल इंडिया रेडियो' में स्टाफ आर्टिस्ट के तौर पर जुड़ गए। वहीं उनकी मुलाक़ात हुई, मशहूर उर्दू अफसाना निगार सआदत हसन मंटो से। मंटो से उनकी अच्छी दोस्ती हो गई, जो आखिरी वक्त तक काइम रही। ऑल इंडिया रेडियो की नौकरी में न तो मंटो ज्यादा दिन तक टिके और न ही राजा मेहदी अली खान। पहले मंटो, यह नौकरी और शहर छोड़कर मुंबई चले गए, फिर उसके बाद उन्होंने राजा मेहदी अली खान को भी वहां बुला लिया। मंटो फिल्मिस्तान स्टूडियो से जुड़े हुए थे और अदाकार अशोक कुमार उनके गहरे दोस्त थे। अशोक कुमार से कहकर, उन्होंने राजा मेहदी अली खान को भी काम दिलवा दिया।

'आठ दिन' वह फिल्म थी, जिससे राजा मेहदी अली खान ने फिल्मों में शुरुआत की। 'आठ दिन' की स्क्रिप्ट लिखने के साथ-साथ उन्होंने और मंटो ने इस फिल्म में अदाकारी भी की। राजा मेहदी अली खान बुनियादी तौर पर शायर थे और जल्द ही उन्हें अपना मनचाहा काम मिल गया। फिल्मिस्तान स्टूडियो के मालिक एस.मुखर्जी ने जब फिल्म 'दो भाई' बनाना शुरू की, तो इस फिल्म के गीत लिखने के लिए, उन्होंने राजा मेहदी अली खान को साइन कर लिया। इस तरह फिल्मों में गीतकार के तौर पर उनकी नई इब्तिदा हुई, जिसे उन्होंने आखिरी दम तक नहीं छोड़ा। साल 1946 में रिलीज हुई 'दो भाई' में राजा मेहदी अली खान ने मौसीकार एसडी बर्मन के संगीत निर्देशन में दो गाने 'मेरा सुंदर सपना बीत गया' और 'याद करोगे, याद करोगे इक दिन हमको..' लिखे। इन गीतों को आवाज दी गीता राय (दत्त) ने। दोनों ही गाने सुपर हिट साबित हुए और इसके बाद राजा मेहदी अली खान ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। फिल्म 'दो भाई' की रिलीज के एक साल बाद ही, साल 1947 में मुल्क आजाद हो गया, लेकिन हमें यह आजादी बंटवारे के तौर पर मिली। मुल्क में हिंदू-मुस्लिम फसाद भड़क उठे। नफरत और हिंसा के माहौल के बीच मुल्क हिंदुस्तान और पाकिस्तान के नाम से तक़सीम हो गया। लाखों हिंदू और मुसलमान एक इलाके से दूसरे इलाके में हिजरत करने लगे। जाहिर है, राजा मेहदी अली खान के सामने भी अपना मादरे-वतन चुनने का मुश्किल वक्त आ गया। उनके पुश्तैनी घर-द्वार, रिश्तेदार-नातेदार, दोस्त अहबाब सब पाकिस्तान में थे। लेकिन उन्होंने वहां न जाते हुए, हिंदुस्तान में ही रहने का फैसला किया। साल 1951 में आई फिल्म 'मदहोश' से मदन मोहन ने अपने संगीत करियर का आगाज किया। इस फिल्म के सारे गीत राजा मेहदी अली खान ने लिखे। 'मेरी याद में तुम न आंसू बहाना..', 'मेरी आंखों की नींद ले गया..' समेत सभी गीत खूब पसंद किए गए। इस फिल्म के संगीत की कामयाबी के बाद राजा मेहदी अली खान, मदन मोहन के पसंदीदा गीतकार बन गए। मदन मोहन उम्दा शायरी के शैदाई थे और राजा मेहदी अली खान के शायराना नगमों को उन्होंने अपनी खास धुन में ढालकर अमर कर दिया।

> **नगमा निगार राजा मेहदी अली खान का जन्मदिवस**
>
> 
>
> *शायर-नगमा निगार राजा मेहदी अली खान ने अपने बीस साल के फिल्मी कॅरियर में तकरीबन बहत्तर फिल्मों के लिए तीन सौ से ज्यादा गीत लिखे। जिसमें ज्यादातर गीत अपनी बेहतरीन शायरी की बदौलत देश-दुनिया में मकबूल हुए। उन्हें बहुत छोटी उम्र मिली।*

राजा मेहदी अली खान ने साल 1951 से लेकर 1966 तक यानी पूरे डेढ़ दशक, मदन मोहन के लिए एक से बढ़कर एक गीत लिखे। इस जोड़ी के सदाबहार गानों की एक लंबी फेहरिस्त है। जिसमें से कुछ गाने ऐसे हैं, जो आज भी उसी शिद्दत से याद किए जाते हैं। इन गानों को सुनते ही श्रोता, खुद भी इनके साथ गुनगुनाने लगते हैं। 'आपकी नजरों ने समझा प्यार के काबिल मुझे', 'है इसी में प्यार की आबरू वह जफा करें मैं वफा करूं' (फिल्म अनपढ़, साल 1962), 'मैं निगाहें तेरे चेहरे से हटाऊं कैसे..', 'अगर मुझसे मुहब्बत है मुझे सब अपने गम दे दो' (फिल्म आपकी परछाईयां, साल 1964), 'जो हमने दास्तां अपनी सुनाई, आप क्यों रोए', 'लग जा गले कि फिर ये हंसी रात हो..' (फिल्म वो कौन थी, साल 1964), 'आखिरी गीत मुहब्बत का सुना लूं...' (फिल्म नीला आकाश, साल 1965), 'एक हसीन शाम को दिल मेरा खो गया..' (फिल्म दुल्हन एक रात की, साल 1966) 'तू जहां-जहां चलेगा, मेरा साया', 'नैनो में बदरा छाए', 'आप के पहलू में आकर रो दिए...' (फिल्म मेरा साया, साल 1966)। साल 1960 से लेकर 1966 तक का दौर राजा मेहदी अली खान का फिल्मों में सुनहरा दौर था। जिसमें उन्होंने अपने चाहने वालों को शानदार नगमों की सौगात दी। 'मेरा साया' उनकी आखिरी फिल्म थी, जिसके सारे के सारे गाने सुपर हिट साबित हुए। शायर-नगमा निगार राजा मेहदी अली खान ने अपने बीस साल के फिल्मी कॅरियर में तकरीबन बहत्तर फिल्मों के लिए तीन सौ से ज्यादा गीत लिखे। जिसमें ज्यादातर गीत अपनी बेहतरीन शायरी की बदौलत देश-दुनिया में मकबूल हुए। उन्हें बहुत छोटी उम्र मिली। फिल्मी दुनिया में जब वे अपने उरूज पर थे, तभी कुदरत ने उन्हें हमसे छीन लिया। यदि उन्हें ज़िंदगी के कुछ साल और मिलते, तो वे अपने नगमों से हमें और भी मालामाल करते।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

---

## 'लड्डू प्रसादम' में घटिया घी और चर्बी मिलाने का मामला

# आस्था और सेहत पर सीधा प्रहार!



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *विधि आयोग ने यह रिपोर्ट सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट संबंधी आईपीसी की धारा 272 व 273 में संशोधन पर विचार करने के निर्देश के उपरांत तैयार किया था, जिसमें मिलावटखोरी के पैमाने के मुताबिक सजा और आर्थिक दंड का प्रावधान है। इस सिफारिश में कहा गया है कि अगर मिलावट से कोई नुकसान नहीं होता है तब भी छह महीने तक की कैद और एक लाख रुपए का जुर्माना होगा।*

यह राहतकारी है कि तिरुपति के प्रसिद्ध 'लड्डू प्रसादम' में इस्तेमाल घी की गुणवत्ता को लेकर श्रद्धालुओं की चिंताओं के बीच तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने पवित्र प्रसाद की शुचिता बहाल कर दी है। मंदिर बोर्ड ने एक पोस्ट में कहा है कि 'श्रीवारी लड्डू की दिव्यता और पवित्रता अब बेदाग है।' उल्लेखनीय है कि गत दिवस पहले लड्डू की गुणवत्ता की जांच में घटिया गुणवत्ता के घी और चर्बी की मिलावट का पता चला था। इसे लेकर देश भर में बवाल उठ खड़ा हुआ था और सरकार से मांग की गयी कि आस्था से खिलवाड़ करने वालों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। अच्छी बात है कि केंद्र सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया और भरोसा दिया कि इस मसले को तार्किक परिणति तक पहुंचाकर दोषियों को दंडित किया जाएगा।

तिरुपति बालाजी मंदिर न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया भर के हिंदू जनमानस की आस्था से जुड़ा है। लिहाजा आवश्यक है कि प्रसाद को लेकर किसी भी श्रद्धालु के मन में संदेह और उनकी आस्था पर प्रहार नहीं होना चाहिए। यहां सवाल सिर्फ आस्था तक ही सीमित नहीं है। सेहत से भी जुड़ा है। आज की तारीख में घी, दूध, शक्कर, तेल, मसाला एवं अन्य खाद्य उत्पादों में जमकर मिलावट हो रहा है जिससे लोगों की सेहत खराब हो रही है। अभी गत वर्ष ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा खाद्य तेलों की गुणवत्ता को लेकर जारी रिपोर्ट में कहा गया कि देश में बिक रहे खाद्य तेल का एक बड़ा हिस्सा मिलावटी है।

रिपोर्ट के मुताबिक देश के 587 जिलों और चार मेट्रो शहरों से 15 तरह के खाद्य तेलों के 4,461 नमूने लिए गए जिसमें से 2.42 प्रतिशत यानी 108 नमूनों को पूरी तरह खराब पाया गया। इनमें ऑफ्लाटॉक्सिन कीटनाशक जैसे घातक रसायन और बड़ी मात्रा में भारी मेटल पाए गए जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। इसके अलावा बीआइ रीडिंग, फैटी एसिड प्रोफाइल और आयोडिन वैल्यू जैसे अन्य तत्व भी तय मानक से ज्यादा पाए गए जो सेहत पर बुरा असर डाल सकते हैं।





भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर जारी 2018-19 की रिपोर्ट के मुताबिक देश भर से खाद्य उत्पादों के 1,06,459 सैंपल की जांच में 3.7 प्रतिशत स्वास्थ्य के लिए बेहद असुरक्षित पाए गए और 15.8 प्रतिशत मिलावटी रहा। मिलावटखोरी का यह आलम तब है जब अभी गत वर्ष पहले ही भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य पदार्थों मे मिलावट करने वालों को न्यूनतम सात वर्ष और अधिकतम उम्रकैद की सजा के साथ न्यूनतम दस लाख रुपए तक दंड देने का प्रावधान किया।

उल्लेखनीय है कि विधि आयोग ने खाद्य पदार्थों में मिलावट को गंभीर मानते हुए अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी, जिसमें मिलावट के अपराध में कड़े दंड का प्रावधान किया गया था। विधि आयोग ने यह रिपोर्ट सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट संबंधी आईपीसी की धारा 272 व 273 में संशोधन पर विचार करने के निर्देश के उपरांत तैयार किया था, जिसमें मिलावटखोरी के पैमाने के मुताबिक सजा और आर्थिक दंड का प्रावधान है। इस सिफारिश में कहा गया है कि अगर मिलावट से कोई नुकसान नहीं होता है तब भी छह महीने तक की कैद और एक लाख रुपए का जुर्माना होगा। अगर मिलावट से थोड़ी क्षति पहुंचती है तो एक साल तक का कारावास और तीन लाख रुपए तक जुर्माने की सजा होगी। इसी तरह अगर मिलावट से ज्यादा नुकसान होता है तो छह साल तक का कारावास और पांच लाख रुपए का जुर्माना होगा। मिलावट से मौत के मामले में कम से कम सात साल का कारावास जिसे बढ़ाकर उम्रकैद में भी तब्दील किया जा सकता है और दस लाख रुपए के जुर्माना भी होगा। अपनी सिफारिश में विधि आयोग ने यह भी सुनिश्चित किया कि अगर अदालत मौत के मामले में उम्रकैद से कम सजा देती है तो उसे अपने फैसले में इसका कारण दर्ज कराना होगा। यही नहीं जुर्माना व्यक्ति को हुए नुकसान और चिकित्सा खर्च और पुनर्वास की जरुरत को पूरा करने लायक होना चाहिए और इस कानून में अभियुक्त पर लगाए गए जुर्माने का भुगतान भी पीड़ित को होना चाहिए। इसके अलावा खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी को रोकने और उनकी गुणवत्ता को स्तरीय बनाए रखने के लिए देश में खाद्य संरक्षा और मानक कानून 2006 भी लागू है। कानून के प्रावधानों के मुताबिक घटिया, मिलावटी, नकली माल की बिक्री और भ्रामक विज्ञापन के मामले में संबंधित प्राधिकारी जुर्माना कर सकता है। इस कानून के तहत अप्राकृतिक व खराब गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री पर 2 लाख रुपए, घटिया खाद्य पदार्थ की बिक्री पर 5 लाख रुपए, गलत ब्रांड खाद्य पदार्थ की बिक्री पर 3 लाख रुपए और भ्रामक विज्ञापन पर 10 लाख रुपए तक का जुर्माने का प्रावधान है। लेकिन यह विडंबना है इतने सख्त कानून के बावजूद भी मिलावटखोरों के मन में भय नहीं है। अभी गत वर्ष पहले सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायर्नमेंट (सीएसई) की रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि ब्रेड या डबल रोटी में भी कैंसर पैदा करने वाले पोटैशियम ब्रोमेट जैसे खतरनाक रसायनों का इस्तेमाल हो रहा है।

चिकित्सा विशेषज्ञों की मानें तो इसके इस्तेमाल से मुंह, सिर, गर्दन में जलन और त्वचा संबंधी बीमारियां पैदा होती हैं, के अलावा पेट दर्द, नर्व डैमेज एवं अन्य संवेदनशील अंगों को भी नुकसान पहुंचता है। किसी से छिपा नहीं है कि दूध में भी जमकर मिलावट किया जा रहा है। सिंथेटिक और मिलावटी दूध और उसके उत्पाद यूरिया, डिटरजेंट, रिफाइंड आयल, कास्टिक सोडा और सफेद पेंट इत्यादि से तैयार हो रहे हैं। खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने भी माना है कि दूध में घातक रसायन मिलाए जा रहे हैं। यहां ध्यान देना होगा कि दूध में मिलावट की समस्या किसी एक राज्य तक सीमित नहीं है। अमेरिका का खाद्य संरक्षा व्यवस्था दुनिया के बेहतरीन तंत्रों में शामिल है। इसे स्थानीय, राज्य एवं केंद्रीय स्तर पर लागू किया गया है। यहां का फुड एवं ड्रग एडमिनिस्टेशन फुड कोड प्रकाशित करता है। इसमें खाद्य संरक्षा के मानक तय किए गए हैं जिनका उलंघन गैर कानूनी है। इसी तरह आस्ट्रेलिया की आस्टेलियाई फूड एथारिटी उपभोक्ताओं तक शुद्ध खाद्य पदार्थ पहुंचाने के लिए खाद्य कारोबार पर खाद्य संरक्षा मानकों को प्रभावपूर्ण तरीके से लागू करने का काम करती है। जर्मनी में उपभोक्ता अधिकार और खाद्य संरक्षा विभाग इस मामले को देखता है। पूरे जर्मनी में भोज्य पदार्थ बेचने के लिए किसी तरह का प्रतिबंध नहीं है लेकिन वह कानून के मुताबिक तय मानकों के अनुरूप होना चाहिए। आज जरूरत इस बात की है कि मिलावटखोरी रोकने के कानून का सख्ती से पालन हो और अन्य देशों की तरह खाद्य संरक्षा के मानक तय करने के लिए निगरानी एजेंसियों का गठन हो। जब तक कठोर कदम नहीं उठाए जाएंगे तब तक हालात सुधरने वाले नहीं हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

---

**व्यंग्य**

# प्रेम करने की उम्र



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

वैसे तो यह विषय विवाद का है, परन्तु प्रेम करने की कोई उम्र भी नहीं होती और देखा जाए तो इसके लिए उम्र की सीमा रेखा निर्धारित होनी भी चाहिए। इसके अभाव में मामला इतना होच-पोच हो गया है कि जिनकी उम्र प्रेम करने की है, वे मुंह बिचका रहे हैं तथा बिना दांत वाले चने चबा रहे हैं।

खैर मेरे पड़ोसी रूप किशोर जी इस मामले में काफी आगे हैं। जब देखा तभी कराहते और छटपटाते हुए। उम्र पचास के आस-पास है। परन्तु न लोगों को पता चलने देते हैं और न खुद को ही। सदैव बेमेल कपड़ों में कसे, बालों में डाई कराके, प्रेमिका की प्रतीक्षा में अपलक राह निहारते रहते हैं। पिछले तीस वर्षों से वे इस काम में लगे हैं। परन्तु परिणाम वही ढांक के तीन पात। एक दिन मैंने उनसे जाकर पूछा-'सुना है आप प्रेम करते हैं?' मेरे प्रश्न पर लजा गए। आंखों में भरपूर लाज का आंचल लोढ़कर बोले-'हां, करता तो हूं। परन्तु समझ में नहीं आता कि क्या करूं?'

'क्या मतलब?' 'मतलब यही कि तीस वर्षों से दाढ़ी बनाते रहे, कपड़ों की क्रीज बनाए रखी तथा लेटेस्ट फैशन के कपड़े पहने, परन्तु किस्मत में खाक छानना लिखा था-सो छान रहे हैं।' 'ओह आई सी। आपके साथ धोखा हुआ है?' 'नहीं भाई, प्रेम में धोखा तो सफलता का द्योतक माना जाता है। धोखा भी हो जाता तो तसल्ली कर लेता, परन्तु मुझे किसी ने धोखा भी नहीं दिया। हरबार लगता रहा कि धोखा अब हुआ, बस हुआ, परन्तु खुद को ही धोखा देते रहे।' 'कमाल है पहेली बुझाने में तो आपका, रूप किशोर जी आखिर रहस्य से पर्दा भी हटाएंगे या यों ही तड़पाते रहेंगे?' मैंने कहा। वे बोले-'असल में तय ही नहीं हो पाता कि वे हमसे प्रेम करते हैं या नहीं, इससे पहले ही पटाक्षेप हो जाता है।' 'इसका मतलब वन-साइडेड गेम की गिरफ्त में हैं आप!'

'कुछ ऐसा ही लगता है। एक पड़ोसन पिछले पन्द्रह वर्षों से बाजार से सब्जी मंगा रही है। मैं सब्जी ला रहा हूं इस आशा में कि एक दिन कोई गुल खिलेगा, परन्तु अभी तक तो मुस्कान के साथ 'धन्यवाद' के अलावा कुछ मिला नहीं।' 'आपने कभी उनकी मुस्कान का मूल्यांकन किया?' मैंने पूछा।

'मुझ में यही तो कमी है कि मैं मूल्यांकन करने में हर बार गलत निकला। एक दिन मैंने इस मुस्कान के एवज उनका हाथ छू दिया तो उन्होंने कहा-'जरा ध्यान तो रखिए भाई साहब। हमें यह पला नहीं था कि आप ऐसे निकलेंगे' बस तब से ब्लेकमेल हो रहे हैं और सब्जी का थैला लाए चले जा रहे हैं।' 'इसके अलावा भी आपने तो अन्यत्र प्रयास किए होंगे?' मैंने पूछा। 'प्रयास में तो मैं कभी हार नहीं मानता। परन्तु सफलता को मुझसे चिढ़ है। आपको बताऊं जिस बस से दफ्तर जाता हूं-उसी से एक महिला भी जाया करती थी। बरसों तक उसका टिकट भी खरीदते रहे और जब पास बैठने को कहा तो लगी आंख दिखाने। हमने कहा भी कि हम आपका पिछले सात वर्षों से टिकट ले रहे हैं। कृपा करके इतना गुस्सा मत कीजिए, परन्तु सब बेकार था। बीच में ही बात बिगड़ गई। मैं तो उसका टिकट खरीदने में ही खुश हो लेता था, अब उससे भी गए।'

'आपकी उम्र क्या है? 'यही कोई आपसे दो-तीन साल आगे-पीछे।' 'यह कोई जवाब नहीं है। मेरी जानकारी में आपके बड़े बच्चे की उम्र 25 वर्ष है और छोटी लड़की बीस की है।' 'हां, सो तो है।' 'तो महाराज अब आप हट जाइए! वह थैला मुझे दे दीजिए।' मैंने कहा। वे बिलबिलाए-'दालभात में मूसलचंद की तरह मत आओ भाई, अब तो जीने का सहारा वह थैला ही है, उसे भी आप लेना चाहते हैं। भाई जाओ दूसरी जगह हाथ मारो।' मैंने कहा-'रूप किशोर जी, आपकी उम्र अब भजन करने की है, कृपया प्रेम में घपला मत करिए। प्रेम ज्यादा से ज्यादा तीस तक चलता है, बाद में तो शादी हो जाती है।''अरे भाई यहीं तो मात खा गए हम लोग। शादी को सब कुछ मानकर सारी गतिविधियां बंद कर देने में मेरा तो विश्वास नहीं है। ...लेकिन उम्र होती है हर चीज की?

'मैं इस बन्धन को नहीं मानता।' 'आप मत मानिए। दूसरी तरफ से 'रिजेक्शन' हो जाएगा। इससे बढ़िया तो आप खुद हटकर अपनी गरिमा बनाए रखें। संयत, अनुशासनबद्ध तथा शालीन जीवन मी तरफ हाथ बढ़ाइए।' 'ये आदर्शों की घुट्टी तो पीवें आप, मुझे अपने हाल पर कृपया तरस खाकर छोड़ दीजिए।' रूप किशोर जी प्रेम की राह से हटने को तैयार नहीं थे। इसलिए मैं ही हट गया उनके रास्ते से। कहने का तात्पर्य यह है कि प्रेम के मामले में भी लोग अनुभव काउंट करने लगे और अनुभव आता है उम्र से। अतः इस मामले में मैं फिर मात खा गया। कहां तो वे पचास के और कहां मैं मात्र तेईस का। कौन घास डालेगा, नए आदमी को। वैसे रूप किशोर जी कौनसे सफल हुए हैं, परन्तु वे किसी का थैला हथियाने में सफल तो हुए। हमें तो कोई अपना पर्स भी नहीं देता। हमने कई बार अपना पर्स खाली किया, परन्तु अनाड़ी समझकर टाल दिया लोगों ने। मेरी तो इस मामले में यही मांग है कि प्रेम करने की उम्र निर्धारित की जानी चाहिए तथा जो कोई ओवर एज होने के बाद प्रेम करता पाया जाए, उसे जेल होनी चाहिए। तभी हमारी ढ़ब बैठेगी वरना इस गुलगपाड़े में तो अपना कोई 'फेट' नहीं है। अब देखते हैं क्या होता है ? मेरी उम्र प्रेम करने की तो है, परन्तु कोई नहीं करे तो मैं क्या करूं?

---


## नॉलेज कॉर्नर: कैला देवी को माना जाता है महामाया का अवतार

# यहां दर्शन को श्रद्धालु पहुंचते हैं लेटकर!

करौली में कैला देवी मंदिर, हिन्दुओं की अपार आस्था केंद्र है, जिसे मां देवी दुर्गा की 9 शक्ति पीठों में से एक माना जाता है। करौली शहर से 23 किमी की दूरी पर कालीसिल नदी के तट पर कैला देवी मंदिर स्थित है। कैला देवी इस मंदिर में देवी के रूप में स्थित जिसे हर साल लाखों लोग दर्शन करने आते हैं। देवी कैला को मानव जाति की रक्षिका और उद्धारकर्ता के रूप में माना जाता है। इस मंदिर का निर्माण करौली साम्राज्य के रियायत जादौन के राजपूत शासकों ने किया। यहां देश ही नहीं विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं मां कैला देवी के बारे में...

### कैला देवी मंदिर का इतिहास

महाराजा गोपाल सिंह जी ने 1723 में इस मंदिर की नींव रखी थी जो 1930 में बनकर पूरा हुआ। उन्होंने इस मंदिर के अंदर चामुंडा जी की मूर्ति को भी स्थापित किया जिसे वह गंगराओं के किले से लाए थे जो 1150 में खिनची शासक मुकुंद दास जी द्वारा वहां स्थापित की गयी थी। कैला देवी को महामाया का अवतार माना जाता है जिन्होंने नंद और यशोदा द्वारा जन्म लिया था। और उन्हें भगवान कृष्ण के स्थान पर रखा था जिसे कंस मारना चाहता था। उसे मारने का प्रयास करते समय उसने देवी का



रूप ले लिया और कंस से कहा कि भगवान कृष्ण का जन्म पहले ही हो चुका है और वह अब यहां से बहुत दूर चला गया है।

### कैला देवी की वास्तुकला

कीमती संगमरमर से निर्मित इस मंदिर का एक बड़ा आंगन और चार खानेदार फर्श है । कैला देवी और चामुंडा देवी की मूर्तियां इस मंदिर का मुख्य आकर्षण हैं, जो एक साथ मंदिर में स्थापित है। ध्यान देने योग्य यह बात है कि कैला देवी की मूर्ति का आकार बहुत बड़ा है और उनका सिर थोड़ा नीचे झुका हुआ है। इस मंदिर में कई लाल झंडे जो भक्तों द्वारा लगाए गए हैं। इस मंदिर में चैत्र के महीने में वार्षिक कैला देवी मेला आयोजित किया जाता है। मुख्यतः उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान राज्यों से लगभग 20,00,000 भक्त हिंदू 'चैत्र' माह में मेले के दौरान यहां आते है। कनक-दंडोतिस के रिवाज़ निष्ठावान श्रद्धालुओं द्वारा अपनाए जाते है। वे मंदिर तक पहुंचने के लिए 15 से 20 किलोमीटर तक की दूरी पैरों से चलकर नहीं बल्कि लेटकर दंडवत पूरी करते हैं।

### ऐसे पहुंचें कैला देवी मंदिर

*कैला देवी मंदिर प्रमुख जिले के रोड से दक्षिण-पश्चिम करौली से 23 किमी की दूरी पर स्थित है। जहां आसानी से स्थानीय बस या स्थानीय टैक्सी द्वारा पहुंचा जा सकता है। कैला देवी मंदिर निकटतम गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन (35 किमी) से जुड़ा हुआ है जो प्रमुख शहरों से भी जुड़ा हुआ है।*

*कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी*

---



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP

क्षमा एक ऐसा अद्वितीय गुण है, जिसने सदियों से मानवता के कल्याण के संकल्प को दृढ़ता प्रदान की है। यह न केवल व्यक्तिगत विकास का मार्ग प्रशस्त करती है, अपितु समाज में सद्भावना और एकता का संचार भी करती है।

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक की एंट्री, MVA के लिए करेंगे चुनाव प्रचार

# उद्धव ठाकरे से मुलाकात, समायोजन व एकजुटता का दिया संदेश

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र में राज्य विधानसभा चुनावों की घोषणा से पहले सियासी माहौल गरमाने लगा है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने रविवार को शिवसेना(यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात की और कहा कि वह महाराष्ट्र में अगामी विधानसभा चुनाव में विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के लिए प्रचार करेंगे। मलिक ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए भरोसा जताया कि आगामी विधानसभा चुनावों में एमवीए विजयी होगी। उन्होंने दावा किया कि नवंबर में होने वाले



संभावित विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ भाजपा का सफाया हो जाएगा। उन्होंने एमवीए सहयोगियों - शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी (एसपी) को सुझाव दिया कि वे समायोजन करें और विधानसभा चुनावों के लिए एकजुट रहें। मलिक ने उद्धव ठाकरे से उनके आवास पर मुलाकात की।

### उद्धव निभाएंगे चुनाव में अहम भूमिका

महाराष्ट्र में आगामी चुनाव के बारे में पूछने पर मलिक ने कहा, भाजपा को न केवल बड़ा झटका लगेगा, बल्कि राज्य चुनाव में पार्टी का सफाया हो जाएगा। उद्धव ठाकरे इस चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। मैंने एमवीए को पूर्ण समर्थन दिया है। मैं उसके लिए प्रचार भी करूंगा।

### कौन किस गठबंधन में

महाराष्ट्र में 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए नवंबर में चुनाव होना है। राज्य में सत्तारूढ़ महायुति में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना, भाजपा और अजित पवार नीत राकांपा शामिल है। वहीं, विपक्षी एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और शरद पवार नीत राकांपा शामिल हैं।

### आदित्य ठाकरे को घेरने में जुटे चाचा राज ठाकरे

दूसरी ओर राज्य में जारी सियासी घमासान के बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे व महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे की वर्ली में महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) नेता राज ठाकरे ने घेरेबंदी तेज कर दी है। राज ठाकरे रिश्ते में आदित्य ठाकरे के चाचा लगते हैं। मनसे ने इस सीट से संदीश देशपांडे की उम्मीवारी का ऐलान किया है। इसके साथ ही राज ठाकरे ने वहां के लिए एक



विजन प्लान भी पेश किया। देशपांडे राज ठाकरे के बेहद करीबी लोगों में हैं। 2019 के चुनाव में आदित्य ठाकरे से इस सीट से जीते थे। इसके बाद महाविकास आघाडी सरकार में मंत्री भी रहे थे। मनसे की तरफ से संदीश देशपांडे की उम्मीदवारी के ऐलान से यह सीट चर्चा में आ गई है। राज ठाकरे ने जिस तरह से वर्ली सीट के लिए विजन प्लान पेश किया है। उससे इस सीट पर भले ही मनसे के कैंडिडेट संदीप देशपांडे हैं लेकिन चुनावी मुकाबले को चाचा और भतीजे के तौर पर देखा जा रहा है। विजन प्लान में वर्ली कोलीवाड़ा का विकास, अच्छे निजी स्कूल और स्वास्थ्य सेवा, और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों के जीवन को अच्छा बनाने का वादा है।

---

### सीतामढ़ी में हो अयोध्या की तरह विकास कार्य



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि अयोध्या से सीतामढ़ी जिले तक राम जानकी मार्ग के निर्माण को शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही मुख्यमंत्री ने अयोध्या से सीतामढ़ी के बीच भी एक वंदे भारत ट्रेन का परिचालन शुरू कराने की अपील की है। उन्होंने सीमामढ़ी में अयोध्या की तरह विकास कार्य कराने की अपील की है। इससे पहले शनिवार को सीएम नीतीश ने 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में मां सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में पुनर्विकास कार्य की समीक्षा की। पुनौरा धाम में माता जानकी मंदिर का पुनर्विकास कार्य भव्य ढंग से कराने का निर्देश दिया। बीते साल नीतीश कैबिनेट ने जन्मस्थान के विकास के लिए 72 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

### चीन से बातचीत तो पाकिस्तान से क्यों नहीं: फारूक

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने एक बार फिर पाकिस्तान से बातचीत करने का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि जब भारत सरकार चीन से बातचीत कर सकती है तो वह जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए पाकिस्तान से बात क्यों नहीं करती। श्रीनगर में चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, वे (मोदी सरकार) चीन से बातचीत करते हैं, जिसने हमारी 2000 किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया है और अपने कब्जे का विस्तार कर रहा है, वे पाकिस्तान से बातचीत क्यों नहीं करते। क्या कारण है? बातचीत ही इसका समाधान है।

### J&K में भाजपा की रैलियां: शाह, राजनाथ व नड्डा ने किया संबोधित

# आतंकवाद का खात्मा होने तक पाकिस्तान से वार्ता नहीं: शाह

एजेंसी | जम्मू

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव अभियान को धार देने के लिए रविवार को भाजपा ने ताबड़तोड़ चुनावी रैलियां की। नौशेरा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तो पुंछ में केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और बरनई में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा घगवाल, सांबा विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी सुरजीत सिंह सलाथिया के समर्थन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जनसभा की।

गृह मंत्री शाह ने नौशेरा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंदर रैना के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस व कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस व कांग्रेस पत्थरबाजों और आतंकवादियों को रिहा करना चाहते हैं। फारूक अब्दुल्ला जम्मू की पहाड़ियों में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने की बात कर रहे हैं, लेकिन मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि यह मोदी सरकार है और हम आतंकवाद को पाताल में दफन कर देंगे। किसी भी आतंकवादी या पत्थरबाज को छोड़ा नहीं जाएगा।

शाह ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला और राहुल गांधी पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए प्रयासरत हैं। मैं फारूक अब्दुल्ला और राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि जब तक आतंकवाद का सफाया नहीं हो जाता, पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत नहीं होगी। मैं अपने शेरों (जम्मू-कश्मीर के युवाओं) से बात करूंगा, पाकिस्तान से नहीं। उन्होंने कहा कि अगर वे गोली चलाएंगे तो हम गोले से जवाब देंगे।



### पुंछ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चुनावी सभा को किया संबोधित

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पुंछ-राजौरी में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए पाकिस्तान पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद रुकने पर ही पाकिस्तान के साथ शांति स्थापित हो पाएगी। सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने मानवता, लोकतंत्र और कश्मीरियत पर जोर दिया। हालांकि, यहां के राजनीतिक घरानों ने केवल राजनीति, राजनीति और राजनीति को महत्व दिया। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस-एनसी गठबंधन के रुख का समर्थन करने के जवाब में राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी सरकार जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के "दुष्ट एजेंडे" को सफल नहीं होने देगी। सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद चुनाव हो रहे हैं। सभी की नजरें इस चुनाव पर हैं। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह जब विदेश जाते थे तब आतंकवाद, पाकिस्तान हमें तंग कर रहा है, इस तरह की बात करते थे। आज पीएम मोदी विदेश जाते हैं तो भारत के साथ व्यापार, सेमीकंडक्टर, स्पेस में किस प्रकार से हम काम कर सकते हैं, इसकी बात करते हैं।

**यह भी बोले शाह**

- किसी भी आतंकवादी या पत्थरबाज को छोड़ा नहीं जाएगा।
- यह मोदी सरकार है, आतंकवाद को पाताल में दफन कर देंगे।

### आरक्षण को लेकर राहुल गांधी पर बोला हमला

अमित शाह ने आरक्षण को लेकर भी नेशनल कॉन्फ्रेंस व कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि किसी को भी पहाड़ी, गुज्जर, दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग सहित वंचित वर्गों को दिए गए आरक्षण को छूने की अनुमति नहीं दी जाएगी। राहुल गांधी पर सियासी हमला बोलते हुए शाह ने कहा कि राहुल गांधी अमेरिका में कह रहे हैं कि आरक्षण की जरूरत नहीं है। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आपको आरक्षण खत्म करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मैंने राजौरी में वादा किया था कि गुर्जर, बकरवाल का आरक्षण एक प्रतिशत भी कम नहीं होगा और पहाड़ी भाई-बहनों को आरक्षण मिलेगा और हमने अपना वो वादा निभाया। शाह ने कहा कि आज जम्मू कश्मीर में हमारा तिरंगा शान से लहरा रहा है, लेकिन कांग्रेस, नेकां वाले कहते हैं कि हम शेख अब्दुल्ला वाला ध्वज वापस लाना चाहते हैं। फारूक साहब, जितना जोर लगाना है लगा लो, लेकिन अब कश्मीर में सिर्फ हमारा प्यारा तिरंगा ही लहराएगा।

### मोहब्बत के नाम पर नफरत का सामान बेच रही कांग्रेस: नड्डा

बरनई में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम-किसान निधि के तहत किसानों को सालाना मिलने वाली 6,000 रुपए की आर्थिक सहायता को बढ़ाकर 10,000 रुपए करेंगे। नड्डा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि वे लोग मोहब्बत की दुकान के नाम पर नफरत का सामान बेचने का काम करते हैं। वे एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाने का काम करते हैं। वे समाज को बांटकर कर अपने लक्ष्य को हासिल करने का काम करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ा है और भ्रष्टाचार समाप्त हुआ।

### पंजाब कैबिनेट में होगा बड़ा फेरबदल

# चार मंत्रियों ने दिया इस्तीफा, 5 नए चेहरों को मिलेगा कैबिनेट में प्रवेश

एजेंसी | चंडीगढ़

पंजाब कैबिनेट में सोमवार को बड़ा फेरबदल होने की संभावना है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कैबिनेट विस्तार के लिए राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से समय मांगा है। सोमवार शाम 5 नए मंत्रियों को शपथ दिलाए जाने की संभावना है। कैबिनेट में कुछ नए चेहरों के प्रवेश के साथ ही कुछ पुराने मंत्रियों को बाहर किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक बागवानी मंत्री चेतन सिंह जौरामाजरा, स्थानीय निकाय मंत्री बलकार सिंह, पर्यटन मंत्री अनमोल गगन मान और राजस्व मंत्री ब्रह्म शंकर जिंपा ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। ज्ञात रहे कि काफी समय से चर्चा थी कि पंजाब कैबिनेट में फेरबदल हो सकता है।

कुछ समय पहले हुए लोकसभा चुनाव में बरनाला के विधायक गुरमीत सिंह मीतहेयर सांसद बन गए थे। उन्होंने विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है। वह सरकार में खेल मंत्री समेत कई पदों पर रहे हैं। ऐसे में अब उनकी जगह किसी नए चेहरे को कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक जिन विधायकों को कैबिनेट में जगह मिल सकती है,उनमें दविंदरजीत सिंह लाडी धोस, बरिंदर गोयल, तरनप्रीत सिंह सोंध, मोहिंदर भगत और हरदीप सिंह मुंडियां के नाम शामिल हैं।



### पहली बार निर्वाचित विधायक बनेंगे मंत्री!

सूत्रों के मुताबिक इस फेरबदल में खास बात ये है कि मुख्यमंत्री मान जिन चेहरों को कैबिनेट में शामिल करने जा रहे हैं, इनमें सभी विधायक पहली बार विधानसभा के सदस्य बने हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी के टिकट पर दूसरी बार जीतकर विधानसभा पहुंचे कुछ विधायकों को अभी भी मौका मिलता नजर नहीं आ रहा है।

### भगवंत मान मंत्रिमंडल में हैं दो महिलाएं

पंजाब सरकार के मौजूदा मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री भगवंत मान सहित कुल 15 मंत्री हैं। इनमें सिर्फ दो महिलाएं शामिल हैं। हालांकि, सोमवार को मंत्रिमंडल में बदलाव के बाद कुल मंत्रियों की संख्या 16 हो सकती है। अब तक यह साफ नहीं है कि जिन मंत्रियों को बरकरार रखा जा रहा है उनके विभागों में बदलाव या कटौती होगी या फिर उन्हें जस का तस रखा जाएगा।

### J&Kमें चुनाव के बीच कांग्रेस का बड़ा दांव

# उदय भानु चिब यूथ कांग्रेस नए अध्यक्ष

एजेंसी | श्रीनगर/नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के बीच कांग्रेस ने संगठन में राज्य को बड़ी तवज्जो दी है। पार्टी ने उदय भानु चिब भारतीय यूथ कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। वह श्रीनिवास बीवी की जगह लेंगे।

चिब वर्तमान में भारतीय युवा कांग्रेस के महासचिव की जिम्मेदारी निभा रहे थे। एक दिन पहले कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में अधीर रजंन चौधरी की जगह शुभंकर सरकार को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



किया था। चिब की नियुक्ति को संगठन में बदलाव की श्रृंखला से जोड़कर देखा जा रहा है। 43 वर्षीय श्रीनिवास बीवी लंबे समय से यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष की जिम्मेदारी को संभाल रहे थे। चिब पूर्व में जम्मू-कश्मीर प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं। इससे पहले वह एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष थे। कांग्रेस ने श्रीनिवास बीवी को अगस्त 2019 में यूथ कांग्रेस की कमान सौंपी थी। वह सितंबर, 2024 तक इस पद पर रहे। चिब यूथ कांग्रेस के 20वें अध्यक्ष बने हैं। पहले अध्यक्ष नारायण दत्त तिवारी थे।

### बंगाल में बाढ़: ममता ने फिर लिखा प्रधानमंत्री मोदी को पत्र

# बिना बताए छोड़ा पानी, सलाह का भी सम्मान नहीं

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में बाढ़ की स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक और पत्र लिखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) ने उनकी सरकार से परामर्श किए बिना अपने जलाशयों से पानी छोड़ दिया, जिससे राज्य के कई जिले जलमग्न हो गए। ममता का दो दिन में पीएम मोदी को यह दूसरा पत्र है। प्रधानमंत्री



को लिखे ममता के पिछले पत्र का जवाब देते हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा था कि राज्य के अधिकारियों को हर चरण में डीवीसी के जलाशयों से पानी छोड़े जाने के बारे में सूचित किया गया था, जो एक बड़ी आपदा को रोकने के लिए आवश्यक था।

ममता ने कहा, हालांकि, मंत्री का दावा है कि डीवीसी के बांधों से पानी दामोदर घाटी जलाशय विनियमन समिति के साथ आम सहमति और सहयोग से छोड़ा गया था, जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार के प्रतिनिधियों के साथ परामर्श भी शामिल था, मैं इससे असहमति जताती हूं।

### बाढ़ से 50 लाख लोग प्रभावित

मोदी को 20 सितंबर को लिखे पत्र में ममता ने दावा किया था कि राज्य में 50 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं. उन्होंने बड़े पैमाने पर मची तबाही से निपटने के लिए प्रधानमंत्री से केंद्रीय धनराशि को तुरंत मंजूरी देने और जारी करने का आग्रह किया था।

### केजरीवाल की जनता की अदालत: भाजपा पर किया प्रहार

# मैं दाग के साथ काम करना तो दूर, जिंदा भी नहीं रह सकता: केजरीवाल

एजेंसी | नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जंतर मंतर पर जनता की अदालत लगाई। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा और जेल से बाहर इस्तीफा देने के पीछे की वजह भी बताई।

केजरीवाल ने कहा, मैं बेईमान होने के दाग के साथ काम करना तो दूर, जिंदा भी नहीं रह सकता। उन्होंने लोगों से सवाल भी किया कि अगर मैं बेईमान होता तो क्या बिजली और महिलाओं की बस यात्रा फ्री कर सकता था? सरकारी स्कूल और अस्पताल अच्छे कर सकता था? केजरीवाल ने भाजपा पर उनकी पार्टी की प्रतिष्ठा को



धूमिल करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हम ईमानदारी से सरकार चला रहे थे। मुफ्त बिजली, पानी और बेहतरीन शिक्षा प्रदान कर रहे थे। लेकिन मोदी जी को एहसास हुआ कि हमें हराने के लिए उन्हें हमारी ईमानदारी पर हमला करना होगा। इसलिए उन्होंने सिसोदिया और मेरे जैसे नेताओं को जेल में डाल दिया है। उन्होंने कहा, बिजली फ्री करने में 3 हजार करोड़ रुपए लगते हैं। अगर मैं बेईमान होता तो बिजली फ्री करने की क्या जरूरत थी। 3 हजार करोड़ रुपए खा जाता। अगर मैं बेईमान होता तो महिलाओं का बस का किराया क्यों फ्री करता। उन्होंने कहा, जब मैं जेल से आया तो सोचा था कि जब तक कोर्ट बरी नहीं कर देता मैं सीएम कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। लेकिन वकीलों ने कहा कि इस केस का कोई भरोसा नहीं, 10-15 साल भी चल सकता है इसलिए मैंने जनता की अदालत में जाने का फैसला किया। उन्होंने संध प्रमुख से पांच सवाल भी किए।

### श्राद्ध के बाद छोड़ देंगे सरकारी आवास

केजरीवाल ने कहा कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव उनके लिए अग्नि परीक्षा है और अगर लोग सोचते हैं कि वह बेईमान हैं तो उन्हें वोट न दें। उन्होंने कहा कि वह 'श्राद्ध' अवधि के बाद नवरात्रि के दौरान मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास छोड़ देंगे और उन लोगों के बीच रहेंगे, जो उन्हें आवास की पेशकश कर रहे हैं।

### जेल में था तो बेटे की फीस के लिए भी फैलाना पड़ा हाथ: मनीष सिसोदिया

दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि ईडी ने फर्जी केस कर उन्हें जेल में डाल दिया। इस दौरान उन्हें जेल में तोड़ने की बहुत कोशिश की। ईडी वालों ने उनके घर जब्त कर लिया जो उन्होंने साल 2002 में खरीदा था। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी ने मेरे बैंक खाते भी सीज कर दिए, जिसमें मेरी सैलरी के 10 लाख रुपए थे। मेरी पत्नी बीमार थी। मेरा बेटा कॉलेज में पढ़ता था। बैंक खाते सीज होने के चलते बेटे के कॉलेज की फीस भरने के लिए मुझे लोगों के सामने हाथ फैलाने पड़े।

### मोहन भागवत से पूछे पांच सवाल

- जिस तरह मोदी जी लालच देकर ईडी, सीबीआई को डरा धमकाकर नेताओं को जेल भेज रहे हैं, पार्टी को तोड़ रहे हैं, सरकार गिरा रहे हैं, क्या यह देश के लिए सही है?
- जिन नेताओं को कुछ दिन पहले मोदी जी ने खुद भ्रष्टाचारी बोला, जिन नेताओं को अमित शाह ने खुद भ्रष्टाचारी बोला, कुछ दिन के बाद उनको भाजपा में शामिल करा दिया, क्या आपने कभी ऐसी भाजपा की कल्पना की थी?
- भाजपा आरएसएस की कोख से पैदा हुई है, कहा जाता है। यह देखना आरएसएस की जिम्मेदारी है कि बीजेपी पथभ्रष्ट ना हो। क्या आप भाजपा के इन कदमों से सहमत हैं?
- जेपी नड्डा लोकसभा चुनाव के दौरान कहा कि भाजपा को आरएसएस की जरूरत नहीं है। आरएसएस भाजपा की मां समान है। क्या बेटा इतना बड़ा हो गया की मां को आंख दिखाने लगा? इस पर आपके दिल पर क्या गुजरी? क्या आपको दुख नहीं हुआ?
- 75 साल के होने पर आडवाणी जी, मुरली मनोहर जी जैसे बड़े-बड़े नेताओं को रिटायर कर दिया। अब अमित शाह कह रहे हैं कि यह नियम मोदी जी पर लागू नहीं होगा। क्या जो नियम आडवाणी पर लागू हुआ वह मोदी पर लागू नहीं होगा?

## जरूरी खबर

### अपनी ताकत और कमजोरी जानते हैं सच्चे नेता: चंद्रचूड़



**बेंगलुरु।** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि सच्चे नेता अपनी ताकत और कमजोरियों को पहचानते हैं और वे अपनी ताकत का इस्तेमाल दूसरों को आगे बढ़ाने में करते हैं, जबकि अपनी कमियों को दूर करने के लिए मदद लेते हैं। नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी (एनएलएसआइयू) के 32वें वार्षिक दीक्षा समारोह में जस्टिस चंद्रचूड़ ने व्यक्तित्व और धैर्य के साथ निर्णय लेने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, निर्णय लेने की प्रक्रिया अनिश्चितता से भरी होती है, लेकिन इससे डरने की कोई बात नहीं है क्योंकि अनिश्चितता के इन्हीं क्षणों में आपका चरित्र गढ़ा जाता है।

### किसान 3 अक्टूबर को देशभर में रेल ट्रैक करेंगे जाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के पिपली में रविवार को पिपली अनाज मंडी में किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत में हरियाणा के अलावा पंजाब और राजस्थान से भी बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। कि महापंचायत में यह निर्णय लिया गया कि 3 अक्टूबर को पूरे देश में रेल ट्रैक जाम रखा जाएगा। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने महापंचायत में घोषणा की कि 3 अक्टूबर को दोपहर 11:30 बजे से 2:30 बजे तक पूरे देश में रेल रोको आंदोलन होगा। पंधेर के साथ इस महापंचायत में जगजीत सिंह डल्लेवाल, अमरजीत सिंह मोहड़ी समेत कई प्रमुख किसान नेता भी शामिल हुए। पंधेर ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की सरकार ने किसानों पर बल प्रयोग किया और उनके हक की लड़ाई को दबाने की कोशिश की।

### लेबनान में हुए पेजर धमकों की केरल में भी जांच!

**वायनाड।** लेबनान में पिछले दिनों हुए पेजर ब्लास्टों में भारतीय मूल के उद्यमी 37 वर्षीय रिनसन जोस का नाम सामने आने के बाद केरल पुलिस ने रविवार को उनकी परिवारिक पृष्ठभूमि की जांच की। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह कोई मामला या जांच नहीं है। अधिकारी ने कहा कि विशेष शाखा के अधिकारियों ने रिनसन जोस की पृष्ठभूमि की जांच की है। इसमें कुछ नया नहीं है, जब भी इस तरह की खबरें सामने आती हैं तो ऐसी होती है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि रिपोर्टों के बाद मननथावाडी के पास के इलाके में एहतियाती गश्त शुरू कर दी गई है।

## नमस्ते यूएस... न्यूयॉर्क में भारतीय समुदाय और पीएम मोदी का संबोधन



*न्यूयॉर्क। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को न्यूयॉर्क के नासाऊ कॉलेजियम में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, 'नमस्ते यूएस! अब हमारा नमस्ते भी ग्लोबल हो गया है। यह सब आपने किया है। आपका प्यार मेरा सौभाग्य है।'*

### अमेरिका से वापस आएंगी 297 नायाब चीजें

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे पर एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। अमेरिका में भारतीय संस्कृति से जुड़ी 297 ऐसी नायाब वस्तुएं लौटा दी हैं जो कि तस्करी के जरिए देश से बाहर चली गई थीं। कीमती और प्राचीन वस्तुओं की चोरी और तस्करी लंबे समय से गंभीर समस्या रही है। 2014 के बाद से भारत को विदेश से लगभग 640 धरोहर वापस मिल चुकी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर राष्ट्रपति बाइडेन का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि अवैध तस्करी के खिलाफ लड़ाई और सांस्कृतिक संबंध और मजबूत हो रहे हैं। 297 नायाब कलाकृतियों को लौटाने के लिए हम राष्ट्रपति जो बाइडेन और अमेरिका सरकार के आभारी हैं। इससे पहले भी पीएम मोदी के अमेरिका दौरे के समय कई प्रचीन वस्तुएं सौंपी गई थीं। 2021 में जब पीएम मोदी अमेरिका गए थे तो उन्हें 157 चीजें मिली थीं। इसमें 12वीं शताब्दी की नटराज की मूर्ति भी शामिल थी। 2023 में पीएम मोदी के दौरे के बाद अमेरिका ने 105 वस्तुएं भारत को लौटाई थीं।

## क्वाड बैठक में चीन व पाक को कड़ा संदेश, आतंकी हमलों की निंदा

# क्वाड किसी के खिलाफ नहीं... मसलों का हो शांतिपूर्ण हल: PM

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के संगठन क्वाड (चतुर्पक्षीय सुरक्षा संवाद ) की शिखर बैठक में शनिवार देर रात चीन और पाकिस्तान को परोक्ष रूप से कड़ा संदेश दिया गया। शिखर बैठक के बाद जारी संयुक्त घोषणापत्र में हिंद प्रशांत क्षेत्र में स्थित दक्षिणी व पूर्वी चीन सागर में मौजूदा हालात को बहुत ही चिंताजनक बताया गया है और दूसरे देशों को डराने या उन पर दबाव बनाने की रणनीति पर अपनी चिंता जताई है। वहीं, 26/11 के मुंबई आतंकी हमले और पठानकोट आतंकी हमले की निंदा की गई। बयान में कहा गया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 1276 सेक्शन कमेटी के माध्यम से इन हमलों के साजिशकर्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। क्वाड नेताओं ने समान रूप से आतंकवाद और हिंसक कट्टरपंथ की निंदा की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिखर सम्मेलन में चीन को खरी खरी दी है। उन्होंने कहा कि क्वाड लंबे समय तक टिकने और स्वीकार करने के लिए है। यह किसी के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए नियमों पर आधारित संगठन है और संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान और सभी मसलों को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने का समर्थन करता है। अमेरिका के विलममिंग्टन डेलावेयर में आयोजित क्वाड शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी के अलावा अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन, जापान के पीएम फुमियो किशिदा और आस्ट्रेलिया के पीएम एंथोनी अलबनिज शामिल हुए। चारों देशों ने यूएनएससी में सुधार की वकालत की। सभी देशों ने समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। पीएम मोदी ने चीन को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि यह संगठन विश्व में चल रहे संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान चाहता है। उन्होंने कहा, हम नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान और सभी मसलों के शांतिपूर्ण ढंग से हल निकालने का समर्थन करते हैं।



### बाइडेन ने थपथपाई मोदी की पीठ, कहा- जारी रहेगा क्वाड

बैठक के दौरान जब चारों राष्ट्राध्यक्ष मीडिया से बात कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से पूछा गया कि क्या क्वाड आगे भी कायम रहेगा तो जवाब में अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर इशारा किया और उनकी पीठ थपथपाते हुए कहा- बिल्कुल जारी रहेगा। नवंबर से बहुत आगे। ज्ञात रहे कि 2025 में क्वाड शिखर बैठक का आयोजन भारत में होगा।

### मेड इन इंडिया चिप्स का इस्तेमाल करेगा अमेरिका



पीएम मोदी के इस दौरे में भारत और अमेरिका के बीच सेमीकंडक्टर चिप्स को लेकर एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत भारत को अपना पहला राष्ट्रीय सुरक्षा सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र मिलेगा, जिसका निर्माण अमेरिका के द्वारा अगले साल यानि की 2025 तक किया जाएगा। इसका नाम शक्ति रखा गया है। इस संयंत्र में बनी सेमीकंडक्टर चिप्स का इस्तेमाल भारत ही नहीं बल्कि अमेरिका और उसके सैन्य सहयोगी देशों की सेनाएं भी करेंगी।

### बाइडेन ने की मोदी के शांति संदेश की तारीफ

इससे पहले पीएम मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ मुलाकात के दौरान विभिन्न मसलों पर बाचतीत की। दोनों नेताओं ने युद्धग्रस्त देश यूक्रेन की स्थिति सहित वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा की। राष्ट्रपति बाइडेन ने पीएम मोदी द्वारा पिछले महीने की गई यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा और उनके दिए शांति संदेश की तारीफ की। बाइडन और मोदी ने द्विपक्षीय बैठक के दौरान व्यापक विषयों पर वार्ता की और इस दौरान युद्धग्रस्त देश यूक्रेन की स्थिति सहित वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा की गई। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने यूक्रेन संकट से निपटने संबंधी एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा कि संघर्ष के सभी पक्षों से जुड़े लोगों के साथ "बहुत महत्वपूर्ण" बातचीत जारी है।

### भारत की UNSC सदस्यता का समर्थन

बैठक के संबंध में जारी संयुक्त तथ्य-पत्र के अनुसार, वार्ता के दौरान बाइडन ने भारत के प्रधानमंत्री से कहा कि अमेरिका भारत की महत्वपूर्ण आवाज को प्रतिबिंबित करने के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार की पहल का समर्थन करता है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव करके भारत को स्थायी सदस्य बनाने की मांग भी शामिल है। मोदी और बाइडन की वार्ता मुख्य रूप से द्विपक्षीय संबंधों पर केंद्रित रही, लेकिन दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन संघर्ष और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति सहित प्रमुख वैश्विक चुनौतियों पर भी चर्चा की।

### ट्रेन का चांदी का मॉडल किया भेंट



पीएम मोदी ने राष्ट्रपति जो बाइडेन से उनके निजी निवास में मुलाकात के दौरान उन्हें चांदी से उत्कीर्ण एक पुराना भाप इंजन से चलने वाली रेलगाड़ी का मॉडल उपहार में दिया। वहीं, उनकी पत्नी जिल बाइडेन को एक पश्मीना शॉल भेंट की। असाधारण गुणवत्ता और अद्वितीय सुंदरता की पश्मीना शॉल जम्मू कश्मीर की पहचान है।

## प्रसादम लड्डू विवाद: मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का अहम फैसला

# गड़बड़ी की जांच करेगी SIT, सौंपेगी रिपोर्ट

एजेंसी | अमरावती

तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसादम के रूप में बांटे जाने वाले लड्डूओं में जानवरों की चर्बी मिलने और कथित अनियमितताओं की जांच के लिए सीएम नायडू ने एक विशेष जांच टीम को गठित करने का फैसला किया है। नायडू ने मीडिया को बताया कि हम एक विशेष जांच दल का गठन कर रहे हैं। एसआईटी इस मामले की गहराई से जांच करके हमें रिपोर्ट सौंपेगी, जिससे दोषियों को सजा दी जा सके और भविष्य में ऐसी किसी भी घटना से बचा जा सके।

यह मामला तब चर्चा में आया था जब सीएम नायडू ने पिछली सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा था कि उनके शासन के दौरान तिरूपति मंदिर में बंटने वाले प्रसाद में जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया जाता है। अपनी इस बात को साबित करने के लिए मुख्यमंत्री ने गुजरात की एक लैब की रिपोर्ट को भी सामने रखा था।



### सभी मंदिरों की सफाई होगी

नायडू ने कहा कि राज्य के सभी मंदिरों में जल्द ही 'सफाई प्रक्रिया' शुरू की जाएगी। साथ ही, उन्होंने धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने कहा कि तिरुपति लड्डुओं में पशु चर्बी की मिलावट के आरोपों के बाद सरकार भावी कदम के बारे में संतों, पुजारियों और हिंदू धर्म के अन्य शीर्ष विशेषज्ञों से परामर्श करेगी।

### पवन कल्याण ने शुरू की 11 दिन की तपस्या



इस बीच, आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने मंदिर में 11 दिन की तपस्या शुरू कर दी है। उन्होंने शनिवार को कहा कि वे वाईएसआर कांग्रेस के पापों का प्रायश्चित करने के लिए भगवान से प्रार्थना करेंगे। उप मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, 11 दिन की तपस्या के बाद, मैं तिरुमाला श्री वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन करूंगा।

### नायडू आदतन झूठे: जगन मोहन रेड्डी

आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने तिरुपति लड्डू विवाद पर पीएम मोदी को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने मौजूदा सीएम चंद्रबाबू नायडू पर तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम की पवित्रता, अखंडता और प्रतिष्ठा को धूमिल करने का आरोप लगाया है। चिट्ठी में जगन ने लिखा, 'चंद्रबाबू नायडू आदतन झूठ बोलने वाले व्यक्ति हैं। अब वह इतना नीचे गिर गए हैं कि उन्होंने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए करोड़ों लोगों की आस्था को गंभीर रूप से चोट पहुंचाई है। नायडू को झूठ फैलाने के उनके बेशर्म कृत्य के लिए कड़ी फटकार लगाई जाए।

## अमेरिका व फ्रांस के साथ करार की तैयारी

# नौसेना हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ाएगी युद्धक क्षमता

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के शीर्ष कमांडरों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी युद्धक क्षमता में पर्याप्त बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। भारतीय नौसेना ने यह निर्णय हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते दखल और इस क्षेत्र में दिख रहे भू-राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में लिया।

अधिकारियों न बताया कि यहां शुक्रवार को संपन्न हुए चार दिवसीय नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में व्यापक विचार-विमर्श के बाद समुद्री क्षेत्र में देश की युद्धक क्षमता को बढ़ाने का निर्णय लिया गया।कमांडरों को संबोधित करते हुए नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने तटरक्षक बल और



अन्य समुद्री एजेंसियों के साथ घनिष्ठ तालमेल और कार्यात्मक संबंधों के माध्यम से समुद्री सुरक्षा और तट की रक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में सतर्कता बनाए रखने की जरूरत को रेखांकित किया। नौसेना के अनुसार, एडमिरल ने नौसेना मुख्यालय में कमांड और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वह एक संतुलित बहुआयामी और निर्बाध नेटवर्क आधारित सेना के रूप में विकसित करना जारी रखें जो राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा करने और इसे बढ़ावा देने समेत जवाब देने के लिए तैयार रहें। नौसेना प्रमुख ने समकालीन भू-रणनीतिक परिश्य के साथ-साथ समुद्री क्षेत्र में उभरती रणनीति पर प्रकाश डाला।

### परमाणु पनडुब्बियां बनाने में मदद करेगा फ्रांस

इस बीच, भारत, नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए अपने रणनीतिक रक्षा साझेदार फ्रांस के साथ एक और बड़ा कदम उठाने जा रहा है। फ्रांस की इमैनुएल मैक्रों सरकार भारत के साथ परमाणु हमलावर पनडुब्बियों के निर्माण पर चर्चा करने और उनका समर्थन करने के लिए तैयार है। इसके साथ ही उसने भारत को 110 किलो-न्यूटन थ्रस्ट एयरक्राफ्ट इंजन और पूर्ण क्षमता वाले अंडरवाटर ड्रोन के लिए 100 फीसदी प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की पेशकश की है। बता दें कि 30 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच पेरिस में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और मैक्रों के कूटनीतिक सलाहकार इमैनुएल बोने में भारत-फ्रांस रणनीतिक वार्ता होने वाली है। इस वार्ता के एजेंडे में ये रक्षा डील भी शामिल है। डोभाल के मैक्रों से अपनी यात्रा के दौरान मिलने और रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के भारत के प्रयासों के बारे में फ्रांसीसी राष्ट्रपति को जानकारी देने की भी उम्मीद है।

### US से MQ-9B ड्रोन डील को दिया अंतिम रूप

दूसरी ओर अमेरिका में हो रहे क्वाड शिखर सम्मेलन से इतर पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने द्विपक्षीय वार्ता की। इस बैठक में भारत और अमेरिका के बीच अरबों डॉलर के ड्रोन सौदे को अंतिम रूप दिया गया। दरअसल, भारत अमेरिका से 31 एमक्यू-9बी स्काई गार्जियन और सी गार्जियन ड्रोन खरीदने की प्रक्रिया में है। इन ड्रोन को खरीदने की लागत करीब 3 बिलियन डॉलर है। इन 31 ड्रोन में से नौसेना को 15 सी गार्डियन ड्रोन, वायु सेना और सेना को आठ स्काई गार्जियन ड्रोन मिलेंगे। ये ड्रोन भारत के सशस्त्र बलों की खुफिया, निगरानी और टोही क्षमताओं को एक नए स्तर पर ले जाएंगे। इस सौदे के लिए बातचीत पिछले एक साल से भी ज्यादा समय से चल रही है। ये ड्रोन भारत के सशस्त्र बलों की खुफिया, निगरानी और टोही क्षमताओं को एक नए स्तर पर ले जाएंगे।

## ट्रेनों को निशाना बनाने का सिलसिला जारी

# सेना की स्पेशल ट्रेन को डिरेल करने की साजिश!

■ ट्रैक पर लगा दिए पटाखे की आवाज वाले डेटोनेटर

**नई दिल्ली।** देश में यात्री ट्रेनों के बाद अब सेना की स्पेशल ट्रेन को भी निशाना बनाने की साजिश सामने आई है। ताजा घटना 18 सितंबर को मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले के नेपानगर इलाके से सामने आई है। जहां रेलवे ट्रैक पर 10 मीटर की दूरी में पटाखे जैसी तेज आवाज करने वाले 10 डेटोनेटर लगा दिए गए। इनके ऊपर से सेना की स्पेशल ट्रेन गुजरी। डेटोनेटर फटने से हुई तेज आवाज से सकते में आए लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी। फिलहाल, जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं मिली है। शुरुआती तफ्तीश में सामने आया है कि यह डेटोनेटर रेलवे ने नहीं बल्कि अज्ञात लोगों ने लगाए थे।

**कानपुर रेलवे ट्रैक पर मिला सिलेंडर:** दूसरी ओर उत्तर प्रदेश में दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर रविवार को कानपुर सेंट्रल से फतेहपुर के बीच प्रेमपुर रेलवे स्टेशन की लूप लाइन में सिलेंडर मिला। पुलिस, जीआरपी व आरपीएफ के अधिकारी मामले की जांच कर रहे थे। इस दौरान सिग्नल न होने के चलते लोको पायलट ने कानपुर से प्रयागराज की तरफ जा रही जम्मू मेल डाउन लाइन पर रोक दी।

## रवींद्र मंच पर हास्य नाटक 'तुरुप चाल' का मंचन

# पत्नी से परेशान पति ने अपने ही पते पर पोस्ट करा दिया झूठा प्रेम पत्र!

**बेधड़क.जयपुर।** ललित कला संगम द्वारा आयोजित नाटक 'तुरुप चाल' का मंचन रवींद्र मंच पर किया गया। इस नाटक की कहानी में हास्य और तनाव का अद्भुत मिश्रण है, जिसमें एक दबंग पत्नी और उसके दब्बू पति के बीच की विषमताओं को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। नाटक की मुख्य पात्र शांति देवी, एक सख्त और कड़वी स्वभाव की महिला है, जबकि उसका पति अमर सिंह उसकी हर बात मानने वाला, सहमा हुआ व्यक्ति है। अमर सिंह अपनी पत्नी के स्वभाव से परेशान होकर उसे बदलने के लिए एक योजना बनाता है। वह अपने ही पते पर एक झूठा प्रेम पत्र भेजवाता है, जिसमें उसका बेटा श्याम उसकी मदद करता है। श्याम की शर्त होती है कि अगर यह योजना सफल रही, तो उसे उसकी प्रेमिका ज्योत्सना से शादी की इजाजत मिलनी चाहिए।





### प्रेम पत्र से पत्नी में आया बदलाव

जब शांति देवी को प्रेम पत्र मिलता है, तो उसमें अपेक्षित परिवर्तन आ जाता है, लेकिन नाटक में एक नया ट्विस्ट तब आता है जब माया ठाकुर नाम की एक लड़की घर में आ जाती है। माया वही नाम है, जो अमर सिंह ने झूठे प्रेम पत्र में इस्तेमाल किया था। इसके बाद कहानी और पेचीदा हो जाती है जब क्राइम ब्रांच का इंस्पेक्टर अनोखे लाल माया ठाकुर के नाम की एक ठग लड़की की खोजबीन के लिए घर पहुंचता है। अखबार में छपी खबर के आधार पर शुरू हुई यह जांच स्थिति को और हास्यास्पद और उलझन भरी बना देती है। अंततः, परिवार के मुखिया दादाजी कर्नल शेर सिंह सारा मामला सुलझाते हैं, और नाटक एक मजेदार मोड़ पर समाप्त होता है।

### इन्होंने निभाए किरदार

इस नाटक में जयपुर के अनुभवी रंगकर्मी रामसहाय, चंचल, कुशलेश वर्मा, सुदर्शनी माथुर, रिचा पालीवाल, राजीव अंकित और दिलीप सिंह नरुका ने अपने सजीव और प्रभावी अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। नाटक को निवास भणगे ने लिखा और निर्देशन रामसहाय ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ कलाकार अंजलि सराफ की पेंटिंग्स का भी प्रदर्शन किया गया, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा। नाटक की प्रस्तुति को जयपुर के रंगमंच प्रेमियों ने अत्यधिक सराहा और कलाकारों की अदाकारी को खूब प्रशंसा मिली।

## रोप-वे में उम्र के अनुसार डिस्काउंट



**बेधड़क. जयपुर।** खोले के हनुमान मंदिर परिसर में रोप वे पर मॉक ड्रिल की गई। कमांडेंट विकास सिंह, योगेश कुमार, इंस्पेक्टर राजेन्द्र भाटी के नेतृत्व में टीम ने चिकित्सा विभाग, जेडीए, मुख्य रोप वे निरीक्षक, राजस्थान पुलिस और रोप वे के साथ मंदिर स्टाफ के साथ ड्रिल की गई। रोप वे महाप्रबंधक महेंद्र सिंह से बताया कि रोप वे संचालन को एक वर्ष पूर्ण होने पर एक स्कीम निकाली गई है, जिसमें स्थानीय निवासियों को जिसकी जितनी उम्र उसको उतना प्रतिशत डिस्काउंट दिया जा रहा है। जैसे किसी की उम्र यदि 70 वर्ष तो डिस्काउंट 70 प्रतिशत डिस्काउंट दिया जा रहा है।

## JKK में गार्डन बाजार 27 से

**बेधड़क. जयपुर।** किचन गार्डन एसोसिएशन जयपुर की ओर से जवाहर कला केन्द्र में 27 सितंबर से तीन दिवसीय गार्डन बाजार का आयोजन किया जाएगा। देश-विदेश के सजावटी पौधे, बोनसाई, गुडलक, प्लांट्स उत्तम किस्म के बीज, बल्ब, जैविक (ऑर्गेनिक) खाद सिरेमिक गमले, खुर्जा की पोट्री व ट्रे, मौसमी फूलों के पौधे, मिनिएचर्स टॉयज क्रॉफ्ट आदि प्रदर्शित किए जाएंगे। 27 को आमजन के लिए सक्यूलेंट ट्रे गार्डन और बेसिक गार्डनिंग विषय पर कार्यशाला होगी। 28 को टेरेरियम, बोनसाई, ट्रे गार्डन और 29 सितंबर को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए पोस्टर व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विशेष आकर्षण औषधीय पौधे होंगे, जिसकी वर्कशॉप 29 को आयोजित की जाएगी।

## तूलिका से सजा कला संसार



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केंद्र में चल रही दो दिवसीय आर्ट प्रदर्शनी सम्पन्न हुई। प्रदर्शनी में वडोदरा से तीन कलाकारों की तस्वीरों में क्रिटिविटी देखने को मिली। जहां मनीष व्यास ने 'रंगों का त्योहार' पर लठ मार होली फोटो प्रदर्शनी की। वहीं, नारायण पटेल की 'नाइट व्हिसपर्स' गरबा फोटो प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। कलाकार मधुसूदन गांधी ने 'जीवन एक मेघधनुष' विषय पर कला का प्रदर्शन किया।

## City इवेंट्स

### फैशन वीक में कृशा बनी शो स्टॉपर



**बेधड़क. जयपुर।** आठ वर्षीय कृशा पटेल ने दिल्ली में आयोजित इंडियन किड्स फैशन वीक में शो स्टॉपर के तौर पर वॉक की। क्राउन प्लाजा दिल्ली रोहिणी में आयोजित कार्यक्रम में लगभाग 150 बच्चों ने भाग लिया था, जिसमें कृष्णा दिल्ली डिजाइनर टीएमएन के लिए शो स्टॉपर बनी। वे कई ब्रांड्स के लिए शूट कर चुकी है।

### वीरेन का राज्य स्तरीय प्रति. में चयन



**बेधड़क. जयपुर।** अंडर 14 जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें फाइनल मुकाबला सेन्ट जेवियर और आर्मी स्कूल के बीच खेला गया। इसमें सेन्ट जेवियर जयपुर विजेता रही। सबसे ज्यादा गोल करने का खिताब जेवियर के खिलाड़ी वीरेन सरकार (सिरसी) का रहा। इनके प्रदर्शन को देखते हुए इनका राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन किया गया है। साथ ही सेन्ट जेवियर के प्रणजय यादव, आरव मीणा और नील संजय सिंह भी चयनित हुए हैं, जो धोलपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

### फोटोग्राफी पर AI के प्रभाव पर चर्चा



**बेधड़क. जयपुर।** जेआईजी मैंबर्स की मीटिंग आयोजित की गई, जिसका विषय फोटोग्राफी एक कला के रूप में और फोटोग्राफी पर एआई का प्रभाव था। सदस्यों ने पोर्ट्रेट फोटोग्राफी, प्राकृतिक फोटोग्राफी, स्ट्रीट फोटोग्राफी, छवि संपादन, छवि पहचान और गणनात्मक फोटोग्राफी पर प्रकाश डाला की किस प्रकार एआई फोटोग्राफी को और अधिक सुलभ और रचनात्मक बना रहा है। नई दिशा में ले जा रहा है। फिर भी यह महत्वपूर्ण है कि फोटोग्राफी की मूल भावना-दृष्टि और रचनात्मकता- हमेशा मानव फोटोग्राफर की दृष्टि पर निर्भर करेगी। सुधीर कासलीवाल ने 90 कैमरों का संग्रह दिखाया। अशोक राही, सरिता सिंह, अपर्णा सहाय, शशि माथूर, कमला पोद्दार, राजुला लूना, विनोद भारद्वाज, मीता सिंह, दीपा माथूर, रानू श्रीवास्तव, टीना साहनी, अभिषेक मिश्रा, रजनीश सिंघवी, सुधीर गुप्ता कार्यक्रम शामिल हुए।

## आनंदधाम आश्रम में 16 से 'गणेश-लक्ष्मी महायज्ञ'

# धार्मिक व्यक्ति नाजुक मौकों पर कर लेता है क्रोध पर नियंत्रण



**बेधड़क | जयपुर**

विश्व जागृति मिशन के रामचरित मानस के प्रवक्ता आचार्य श्री अनिल झा ने रविवार को आदर्श नगर में सोमेश्वर महादेव मंदिर स्थित के जयपुर मंडल कार्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम में गुलाबी नगर वासियों को गणेश-लक्ष्मी महायज्ञ में शामिल होने का न्योता दिया।

यह महायज्ञ विश्व जागृति मिशन (विजामि) के संस्थापक आचार्य सुधांशु के सान्निध्य में 16 से 19 अक्टूबर तक नई दिल्ली स्थित आनंद धाम आश्रम में होगा। इस मौके पर आचार्य सुधांशु का विशेष वीडियो संदेश भी प्रसारित किया गया। आचार्य अनिल झा ने कहा कि धार्मिक व्यक्ति नाजुक मौकों पर क्रोध पर नियंत्रण स्थापित करते हुए 'ब्रेक' का उपयोग करना जानता है। कार्यक्रम में रामचरित मानस के प्रवक्ता आचार्य अनिल झा का जयपुर मंडल के प्रधान मदनलाल अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण दास, सचिव द्वारका प्रसाद, महामंत्री दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोपाल बजाज, आचार्य मोहन लाल और आचार्य विष्णु कुमार का अभिनंदन किया। वहीं आनंद धाम आश्रम से आए आचार्य हरिदर्शन तिवारी, आचार्य विशाल और श्री ओम प्रकाश का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम से पहले सोमेश्वर महादेव मंदिर में आचार्य अनिल झा, मोहन लाल और आचार्य विष्णु कुमार के सान्निध्य में यज्ञ किया गया।

## 'वीकेन्ड डायलॉग' में विशेषज्ञों ने किया इंटरेक्ट

# एक्सपर्ट्स ने समझाया कला और संवेदनशीलता का महत्व



**बेधड़क | जयपुर**

इन्टर्नल क्वॉलिटी अश्योरेंस सेल (आईक्यूएसी) की ओर से 'वीकेन्ड डायलॉग' सीरीज के दूसरे सत्र-कला व संवेदनशीलता का आयोजन हुआ।

हिमाचल प्रदेश के प्रोफेसर प्रो. हर्षवर्धन शर्मा, जो कलाकार व कला समीक्षक भी हैं प्रमुख वक्ता रहे। प्रो. शर्मा का स्वागत डॉ. रश्मि चतुर्वेदी द्वारा किया गया। सीरीज के दूसरे मुख्य अतिथि व मध्यस्तर कवि व कलाकार अमित कल्ला रहे। डॉ. सीमा अग्रवाल ने कल्ला का स्वागत किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कला और सेंवदनशीलता के महत्व को साझा किया। प्रो. हर्षवर्धन ने विभिन्न कलाओं का अंतर संबंध बताते हुए प्रो. शर्मा ने कहा कि चित्र में भी प्रकृति की झलक होती है और कला हमें संवेदनशील बनाती है। प्रो. शर्मा ने एबस्ट्रेक्ट कला से अवगत कराते हुए बताया कि एबस्ट्रेक्ट कला प्रकृति में होती है और आंखों से चित्र का मर्म समझना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारतीय कला परम्परा 40 हजार साल पुरानी है जो भीमभेटिका, भोपाल में स्थित है। युवाओं ने भी प्रो. हर्षवर्धन शर्मा से कला और संवेदनशीलता पर प्रश्न पूछे और अपना ज्ञानवर्धन किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. पालू जोशी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। युवाओं ने सभी विशेषज्ञों से इंटरेक्ट करते हुए अपनी नॉलेज बढ़ाई और ग्रुप फोटोग्राफी का आयोजन किया गया।

## 'परिंदों को दाना पानी' अभियान | नीड़ संस्था और पत्रकार कॉलोनी विकास समिति ने बांधे चुग्गा पात्र

# पर्यावरण सुधार के लिए पेड़ लगाना हर व्यक्ति का दायित्व

**बेधड़क | जयपुर**

मानसरोवर स्थित पत्रकार कॉलोनी में रविवार को नीड़ संस्था और पत्रकार कॉलोनी विकास समिति के तत्वावधान में 'परिंदों को दाना पानी' अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत सामुदायिक केंद्र पार्क में पेड़ों पर परिंदों के लिए चुग्गा पात्र लगाए गए, जिससे पक्षियों को भोजन और पानी की सुविधा मिल सके।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जनसंपर्क आयुक्त श्याम सुंदर बिस्सा ने कहा कि हमारे वेदों और पुराणों में भी पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ों और पक्षियों के महत्व को बताया गया है। उन्होंने कहा कि पंचवटी के सिद्धांत के तहत हर व्यक्ति को पीपल, आंवला, नीम, बेलपत्र, और अशोक के पेड़ लगाने चाहिए। इससे शुद्ध वातावरण बनाने में मदद मिलेगी।



### परिंदों की सेवा पुण्य का कार्य

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी नरेश कुमार ठकराल ने पर्यावरण को सुधारने और पेड़ लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह दूषित वातावरण को ठीक करने के लिए पेड़ लगाएं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एसएमएस हॉस्पिटल के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी ने पर्यावरण संरक्षण की अपील करते हुए परिंदों की सेवा को पुण्य का कार्य बताया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता, अमृता देवी पुरस्कार से सम्मानित अभिलाषा चौधरी ने विभिन्न पक्षी प्रजातियों के लुप्त होने पर चिंता जताई और उनके संरक्षण के लिए सक्रिय रूप से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने सोलह साल की उम्र से पेड़ लगाना शुरू किया था और अब तक डेढ़ लाख पेड़ लगा चुकी हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि हर व्यक्ति को कम से कम पांच पेड़ लगाने चाहिए और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए उनकी देखभाल भी करनी चाहिए।

### प्रेरक कविताओं से बांधा समां

कार्यक्रम में बनज कुमार, किशोर पारीक, और भगवान सहाय वैद्य ने प्रेरणादायक कविताएं सुनाई। कॉलोनी के मुख्य पार्क में परिंदों के लिए चुग्गापात्र लगाए गए। इस अवसर पर नीड़ संयोजक अजीत तिवारी, पत्रकार कॉलोनी विकास समिति अध्यक्ष कानाराम कड़वा, महासचिव नरेंद्र सर्वोदयी, श्याम सुंदर शर्मा, डॉ. जेपी गुप्ता, सतगुरु गुप्ता, मदन जैन, राकेश मातवा, मान सिंह मनराल, गोविंद गोयल, देव कुमार, रतिराम अग्रवाल, अंजू ठकराल, पुष्पा शर्मा, प्रियंका जैन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।





### नई बैलिस्टिक मिसाइल 'जिहाद' का किया अनावरण

# मिसाइलों के जरिए ईरान ने दिखाई दुनिया को ताकत



**एजेंसी** | तेहरान

ईरान ने सैन्य परेड में एक नई बैलिस्टिक मिसाइल और एक अपग्रेडेड वन-वे अटैक ड्रोन का पहली बार प्रदर्शन किया है। नए हथियारों का प्रदर्शन तब हुआ है, जब ईरान और इजराइल के बीच सैन्य तनाव चरम पर है। ईरान ने हमास नेता इस्माइल हानिया की तेहरान में हत्या के बाद इजराइल पर हमले की धमकी दी है। वहीं, इजराइल ने भी जवाबी कार्रवाई करने की बात कही है। ईरान इससे पहले भी अप्रैल में इजराइल पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला कर चुका है। हालांकि, तब अमेरिका और इजराइल ने ईरान के हमलों को नाकाम बना दिया था।

## मिसाइल की रेंज 1,000 किमी से अधिक

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी IRNA ने कहा कि परेड में प्रदर्शित की गई मिसाइल का नाम जिहाद है। जिहाद ठोस ईंधन से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है। इस मिसाइल को ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की एयरोस्पेस शाखा द्वारा डिजाइन और निर्मित किया है। जिहाद मिसाइल की रेंज 1,000 किमी से अधिक है। इस मिसाइल की रेंज में इजराइल आसानी से आ सकता है। ऐसे में ईरानी सेना इस मिसाइल को बड़े पैमाने पर अपने शस्त्रागार में तैनात करनी के तैयारी कर रही है।

## शाहेद-136B को भी दुनिया को दिखाया

परेड में प्रदर्शित किए गए ड्रोन का नाम शाहेद-136B है। शाहेद-136B ड्रोन शाहेद-136 का अपग्रेडेड वेरिएंट है। इसकी ऑपरेशनल रेंज 4000 किमी से अधिक है। ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने तेहरान में हुए इस वार्षिक परेड में भाग लिया। हर साल इस परेड का आयोजन सद्दाम हुसैन के इराक के साथ 1980-88 के युद्ध की याद में किया जाता है।

## ईरानी राष्ट्रपति ने जमकर शेखी बघारी

परेड में शामिल ईरानी राष्ट्रपति पेजेशकियन ने कहा कि आज, हमारी रक्षात्मक और हमलावर क्षमताएं इतनी बढ़ गई हैं कि कोई भी 'दानव' हमारे प्रिय ईरान के प्रति किसी भी आक्रमण के बारे में नहीं सोचता है। उन्होंने कहा कि इस्लामिक देशों के बीच एकता और सामंजस्य के साथ हम खून के प्यासे, नरसंहार करने वाले इजराइल को उसके स्थान पर रख सकते हैं, जो किसी पर भी दया नहीं करता है, चाहे वह महिला हो या बच्चे, बूढ़े हों या जवान।

## मुस्लिम देशों से इजराइल के बायकॉट की अपील

सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इस्लामिक देशों से इजराइल के साथ अपने आर्थिक संबंधों को पूरी तरह से खत्म करने और राजनीतिक संबंधों को कमजोर करने का आह्वान किया गया।

### ईरान में मीथेन गैस लीक होने से हुआ धमाका

# कोयला खदान में विस्फोट 51 की मौत, 20 घायल

**एजेंसी** | तेहरान

ईरान की एक कोयला खदान में हुए विस्फोट में अब तक 51 लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि पूर्वी ईरान में स्थित इस कोयला खदान में मीथेन गैस लीक होने की वजह से ये धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि इसकी गूंज दूर तक लोगों को सुनाई पड़ी। ईरान में यह धमाका ऐसे वक्त पर हुआ, जब हाल ही में लेबनान में पेजर, वॉकी-टॉकी में विस्फोट हुए थे, जिसमें कई लोग काफी बुरी तरह से घायल हुए थे। इन हमलों में अब तक 51 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। लेबनान ने इन धमाकों के पीछे इजराइल का हाथ बताया है। हालांकि, ईरान ने कोयला खदान में हुए धमाके में किसी देश को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान की राजधानी तेहरान से करीब 540 किलोमीटर दूर तबास में स्थित कोयला खदान में ये धमाका हुआ है। प्रशासन ने ब्लास्ट वाली जगह पर इमरजेंसी और रेस्क्यू टीमों को भेज दिया है। रेस्क्यू टीम राहत एवं बचाव कार्य में लगी हुई है। बताया जा रहा है कि विस्फोट के वक्त करीब 70 लोग खदान में काम कर रहे थे।



## राष्ट्रपति मसूद ने विस्फोट की जांच के दिए आदेश

प्रांत के गवर्नर मोहम्मद जावेद ने बताया कि धमाकों में 51 लोगों की अब तक मौत हो चुकी है, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा के लिए न्यूयॉर्क की यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे ईरान के हाल में चुने गए नए राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा कि उन्होंने फंसे हुए लोगों को बचाने और उनके परिवारों की सहायता के लिए सभी प्रयास करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि घटना की जांच शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि इसके पीछे जो भी लोग दोषी होंगे वो किसी भी हाल में बख्शे नहीं जाएंगे।

## कोयला खदानों में पहले भी हो चुके हैं हादसे

ईरान की कोयला खदानों में इस तरह के हादसे पहले भी होते रहे हैं। साल 2013 में दो अलग-अलग खदानों में हादसे हुए थे। इन हादसों में 11 मजदूरों की मौत हुई थी। इससे पहले साल 2009 में भी इसी तरह का हादसा हुआ था, जिसमें 20 लोगों की जान चली गई थी। साल 2017 में भी एक कोयला खदान में विस्फोट हुआ था, जिसमें कम से कम 42 लोगों की मौत हुई थी।

### फिर भी पुलिस ने मारी गोली


# आइसलैंड में 8 साल बाद दिखा भालू

■ आर्कटिक से बहकर पहुंचा आइसलैंड

**एजेंसी** | आइसलैंड

एक सुदूर गांव में 8 साल बाद ध्रुवीय भालू की दुर्लभ मौजूदगी ने प्रकृति के एक अद्वितीय चमत्कार की ओर संकेत दिया, जब यह बर्फ के बहते टुकड़ों पर सवार होकर आर्कटिक से बहकर यहां पहुंचा। हालांकि यह दृश्य बहुत जल्दी ही खतरनाक हो गया और पुलिस को एक स्थानीय बुजुर्ग महिला की सुरक्षा के लिए भालू को मारना पड़ा।

यह घटना जलवायु परिवर्तन की एक कड़वा पहलू की याद दिलाती है। यह घटना 19 सितंबर को उत्तर-पश्चिम आइसलैंड में हुई, जहां पर्यावरण एजेंसी के सलाह लेने के बाद पुलिस ने भालू को मारने का फैसला लिया। अधिकारियों ने बताया कि भालू को स्थानांतरित करने का विकल्प नहीं चुना गया। वेस्टफजॉर्ड्स के पुलिस प्रमुख हेल्गी जेनसन ने कहा कि यह कुछ ऐसा नहीं है जो हम करना पसंद करते हैं। भालू एक ग्रीष्मकालीन आवास के बहुत करीब था, जिसमें एक बुजुर्ग महिला फंसी थी। वह अकेली थी और डर के मारे ऊपर के कमरे में बंद हो गई थी। उसने सैटेलाइट लिंक के जरिए अपनी बेटी से कॉन्टैक्ट किया।



## 2016 के बाद पहली बार दिखा भालू

आइसलैंड में ध्रुवीय भालू स्वाभाविक रूप से नहीं पाए जाते, लेकिन कभी-कभी वे ग्रीनलैंड से बहती बर्फ पर सवार होकर आ जाते हैं। 2016 के बाद आइसलैंड में यह पहली बार था, जब यहां ध्रुवीय भालू देखा गया। 9वीं शताब्दी से अब तक केवल 600 बार इनकी उपस्थिति दर्ज की गई है। हालांकि ध्रुवीय भालू द्वारा मानव पर हमले अत्यंत दुर्लभ होते हैं, लेकिन 2017 के एक अध्ययन में पाया गया कि जलवायु परिवर्तन और समुद्री बर्फ के घटने से भूखे भालू कई बार जमीन पर आ रहे हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की संभावना बढ़ रही है।

## वैज्ञानिक भालू की बॉडी का करेंगे अध्ययन

मारे गए पोलर बियर का वजन 150 से 200 किलोग्राम के बीच था। वैज्ञानिक इसके शरीर की जांच करेंगे और इसे आइसलैंडिक इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरल हिस्ट्री में अध्ययन के लिए भेजा जाएगा। वैज्ञानिक भालू के शरीर में परजीवी, संक्रमण, अंगों की सेहत और शरीर में फैट की मात्रा की जांच करेंगे, साथ ही इसकी खाल और खोपड़ी को संग्रह के लिए संरक्षित किया जा सकता है।

### तीन की मौत... 40 घर नष्ट-100 अन्य क्षतिग्रस्त

# इजराइल की लेबनान पर एयर स्ट्राइक

**एजेंसी** | बेरुत

इजराइल द्वारा रविवार को दक्षिणी लेबनान के दर्जनों गांवों और कस्बों में किए गए हवाई हमलों में तीन लोगों की मौत गई, जबकि चार लोग घायल हो गए।

लेबनानी सैन्य सूत्रों ने बताया कि ड्रोन और लड़ाकू विमानों का उपयोग करते हुए लगभग 90 इजराइली हवाई हमलों में दर्जनों दक्षिणी कस्बों और गांवों के बाहरी इलाकों में हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया गया। बताया जाता है कि खियाम, ऐतरौन और मालिया गांव में की गई एयर स्ट्राइक से लगभग 40 घर नष्ट हो गए तथा लगभग 100 अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। इस बीच लेबनान से उत्तरी इजराइल की ओर 80 रॉकेटों और कई ड्रोनों से युक्त तीन रॉकेट हमलों पर नजर रखी गई।



सुरक्षा चिंताओं की वजह से उत्तरी इजराइल के सबसे बड़े अस्पताल, रामबाम हेल्थ केयर कैंपस ने अपने संचालन को सुरक्षित भूमिगत पार्किंग सुविधा में स्थानांतरित कर दिया है।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl